देश का Darpan News TV
FASTWAY
Comming Soon

दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समाचार भेजें
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

वर्ष-5, अंक:164 | जयपुर, मंगलवार, 26 अगस्त 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:

## भारतीय थल सेना प्रमुख का अल्जीरिया दौरा, द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मिलेगा नया आयाम

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारत और अल्जीरिया के बीच के रिश्ते को और मजबूत करने के लिए भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी 25 अगस्त से 28 अगस्त तक अल्जीरिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे हैं। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में दी गई है। यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है जब हाल ही में भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ भी अल्जीरिया जा चुके हैं। ऐसे में ये बात साफ हो गई है कि भारत अल्जीरिया के साथ मजबूत रणनीतिक रिश्ते बनाने को लेकर गंभीर है।

**सेना ने जारी किया बयान**
जनरल द्विवेदी के इस यात्रा को लेकर भारतीय सेना की आधिकारिक एजेंसी एडीजीपीआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी आज अल्जीरिया की आधिकारिक यात्रा पर गए। यह दौरा आपसी समझ को गहरा करने, साझा हितों में सहयोग बढ़ाने और रक्षा साझेदारी को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



**क्या है इस दौरा का उद्देश्य?**
वहीं बात इस दौरे के उद्देश्य की करें तो जनरल उपेंद्र द्विवेदी की इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग को बढ़ाना, सेना-से-सेना संबंधों को मजबूत करना, क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करना और रक्षा उद्योग व तकनीक में सहयोग के नए रास्ते तलाशना है।

**किन-किन लोगों से करेंगे मुलाकात?**
अपने इस दौरे के दौरान वे अल्जीरिया के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे, जिनमें राष्ट्रीय रक्षा मंत्री के प्रतिनिधि और अल्जीरियाई सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल सईद चानेग्रिहा तथा भूमि सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मुस्तफा स्माली शामिल हैं। इसके अलावा, वे अल्जीरिया की प्रतिष्ठित चेरशेल मिलिट्री अकादमी का दौरा करेंगे और शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे।

**रक्षा उद्योग में पहले से हो रही है तैयारी**
बता दें कि इस यात्रा से पहले 30 जुलाई से एक अगस्त तक अल्जीयर्स में एक रक्षा संगोष्ठी का आयोजन हुआ था। इसमें भारतीय रक्षा कंपनियों ने अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया था। यह आयोजन दोनों देशों के बीच रक्षा तकनीक और उद्योग में सहयोग की नींव के रूप में देखा जा रहा है।

## डाक विभाग ने 'लालबागचा राजा' के नाम विशेष पोस्टकार्ड जारी किया, मंडल ने जताया गर्व

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के प्रसिद्ध लालबागचा राजा गणेश मंडल ने इस साल अपने 92वें वर्ष के गणेशोत्सव की भव्य शुरुआत कर दी है। हर साल की तरह इस बार भी मंडल ने भक्तों को बाप्पा की पहली झलक देकर उत्सव का शुभारंभ किया। इस बार की थीम और व्यवस्था ने भी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंडल अध्यक्ष बालासाहेब कांबले ने आईएएनएस से बताया कि इस वर्ष मंडप को भगवान तिरुपति बालाजी की थीम पर सजाया गया है। मंडप का दृश्य किसी स्वर्ण महल जैसा प्रतीत होता है, जो विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। कांबले ने कहा, यह लालबागचा राजा का 92वां वर्ष है।



आज हमने पूरी दुनिया को सबसे पहले बाप्पा के दर्शन कराए हैं। इस बार की मूर्ति में भक्ति और आस्था का अनोखा भाव देखने को मिल रहा है, जो श्रद्धालुओं में विशेष ऊर्जा और श्रद्धा का संचार कर रहा है। हर साल लाखों श्रद्धालु लालबागचा राजा के दर्शन के लिए मुंबई आते हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, लेकिन मंडल ने भीड़ प्रबंधन और सेवा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। कांबले ने जानकारी दी कि इस वर्ष भक्तों की सुविधा के लिए हमने करीब 5,000 स्वयंसेवकों को सेवा में लगाया है, ताकि हर श्रद्धालु को शांतिपूर्वक और व्यवस्थित तरीके से बाप्पा के दर्शन हो सकें। हमारा उद्देश्य है कि हर भक्त प्रसन्न होकर अपने घर लौटे। श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पानी, प्राथमिक चिकित्सा और आराम करने की व्यवस्था भी मंडप के आसपास की गई है, ताकि दर्शन के दौरान किसी को कोई असुविधा न हो। इस पावन अवसर को और भी खास बनाते हुए भारत सरकार के डाक विभाग ने 'लालबागचा राजा' के लिए एक विशेष पोस्टकार्ड जारी किया है। यह पहल भक्तों के लिए गर्व और श्रद्धा की प्रतीक बन गई है।

## डीएमके सांसद कनिमोझी ने अनुराग ठाकुर पर साधा निशाना

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** डीएमके सांसद एमके कनिमोझी ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने स्कूल के बच्चों से यह सवाल किया था कि चंद्रमा पर सबसे पहले कदम किसने रखा था और फिर जवाब दिया कि वह भगवान हनुमान थे। कनिमोझी ने इस पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'एक सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री द्वारा स्कूली बच्चों से यह पूछना कि चांद पर सबसे पहले किसने कदम रखा था और जोर देकर कहना कि वह नील आर्मस्ट्रांग नहीं, बल्कि हनुमान थे, बेहद परेशान करने वाला है।' उन्होंने अपने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'विज्ञान कोई मिथक नहीं है। कक्षाओं में युवाओं को गुमराह करना ज्ञान, तर्क और हमारे संविधान में निहित वैज्ञानिक सोच का अपमान है।' कनिमोझी ने 'एक्स' पोस्ट में आगे लिखा, 'भारत का भविष्य जिज्ञासा को पोषित करने में निहित है, न कि तथ्यों को मिथकों से भ्रमित करने में।' कनिमोझी के इस बयान पर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। कई लोग उनके समर्थन में हैं और कह रहे हैं कि शिक्षा को तर्क और वैज्ञानिक सोच पर आधारित रहना चाहिए, वहीं कुछ लोग इस विषय को संस्कृति बनाम विज्ञान के चश्मे से भी देख रहे हैं।



## शुभांशु शुक्ला का लखनऊ आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**लखनऊ।** भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के परिवार के सदस्य और प्रदेश के कई लोग सोमवार को लखनऊ एयरपोर्ट पर एकजुट हुए। वे सभी अंतरिक्ष से सफल मिशन पूरा करके लौटे शुभांशु शुक्ला का स्वागत करने आए थे। शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक का ऐतिहासिक सफर पूरा किया है। शुक्ला के लखनऊ पहुंचने पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विज्ञान के क्षेत्र में जिस तरह की उपलब्धि हासिल की है , वो प्रशंसनीय है। हम लोग शुभांशु शुक्ला का स्लागत करने के लिए उत्साहित हैं। शुभांशु शुक्ला ने दुनिया को रास्ता दिखाने का काम किया है। ऐसी स्थिति में उत्तर प्रदेश सरकार ने शुभांशु शुक्ला के स्वागत में कई जगहों पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया है। युवा पीढ़ी के लिए शुभांशु शुक्ला प्रेरणा स्रोत हैं। पत्रकारों से बात करते हुए भूपेंद्र चौधरी ने कहा, ÷प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। हमें अपने बेटे का स्वागत करते हुए बहुत गर्व हो रहा है। शुभांशु शुक्ला ने दुनिया के सामने एक नया उदाहरण पेश किया है। इस खास मौके पर राज्य सरकार ने उनके सम्मान में पूरे प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया है। वे युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा हैं। लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में शुभांशु शुक्ला की तारीफ की। कहा कि शुभांशु ने विश्व पटल पर लखनऊ का नाम रोशन किया है। इसके लिए मैं पूरे लखनऊ वासियों की तरफ से उन्हें शुभकामनाएं देती हूं। वहीं, भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के परिवार के लोगों ने खुशी और गर्व जताते हुए कहा कि उन्होंने बड़ी ऊंचाइयां हासिल की हैं और अंतरिक्ष में भारत का नाम रोशन किया है। जब शुक्ला लखनऊ हवाई अड्डे पहुंचे, तो वहां देशभक्ति के नारों की गूंज थी। उनके पुराने स्कूल के छात्र भी इस मौके पर मौजूद थे। वे हाथों में तिरंगा लहराते हुए, खुशी और गर्व से उनका स्वागत कर रहे थे। एक छात्र ने कहा, मैं भी शुभांशु शुक्ला सर जैसा बनना चाहता हूं, ताकि मैं भी अपने देश को गर्व महसूस करा सकूं। उसी स्कूल के एक और छात्र ने कहा, ÷उन्होंने पूरे देश का नाम रोशन किया है। हम उन्हें स्वागत करने आए हैं और बहुत खुश हैं। एक तीसरे छात्र ने भी अपनी भावना ज़ाहिर करते हुए कहा, ÷हमें बहुत गर्व है कि शुभांशु शुक्ला हमारे स्कूल के पूर्व छात्र हैं। मैं भी एक दिन उनकी तरह कुछ बड़ा करना चाहता हूं।



# राजस्थान और जम्मू-कश्मीर के हाल बेहाल

## ▶▶ दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के कई हिस्सों में लगातार हो रही बारिश से बाढ़ की स्थिति विकराल हो गई है। कई जगह सड़कें बह गई हैं। पुल धंस गए हैं। वर्षाजनित हादसों में राजस्थान में पांच किशोर व दो शिक्षकों और हिमाचल प्रदेश में दो लोगों की मौत हो गई। राजस्थान के दौसा, सवाईमाधोपुर, कोटा, बूंदी में गंभीर हालात हैं। जयपुर के कई इलाके भी पानी में डूबे है। कोटा व बूंदी में बचाव अभियान के लिए सेना के जवानों के साथ ही वायुसेना के एमआई 17 हेलिकॉप्टर को लगाना पड़ा है। इस बीच, भारतीय मौसम विभाग ने सोमवार, 25 अगस्त के लिए कई राज्यों में भारी से अति भारी बारिश की संभावना जताई है। आईएमडी ने दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और पहाड़ी राज्यों में अगले 24 घंटे तक तेज बारिश और आंधी-तूफ़ान की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बन रहे नए लो-प्रेशर सिस्टम और पश्चिम भारत में सक्रिय चक्रवाती गतिविधि के कारण मानसून का असर तेज होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि इसके परिणाम स्वरूप आने वाले दो-तीन दिनों तक कई राज्यों (खासतौर पर पहाड़ी और समुद्रतटीय) में बारिश की तीव्रता चरम पर रहेगी।



उत्तर प्रदेश में दोबारा सक्रिय हुए मानसून के बाद बीते तीन दिनों में प्रदेश के दक्षिणी और तराई इलाकों में कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश देखने को मिली है। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए प्रदेश के पूर्वी और तराई के 30 जिलों में मध्यम से भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके बाद 26 अगस्त से अगले पांच दिनों के लिए मानसूनी बारिश में कमी आएगी।

**यहां है भारी बारिश का यलो अलर्ट**
गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती. बहराइच, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर व आसपास के इलाकों में।

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर और नैनीताल के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## अयप्पा संगम में केरल और तमिलनाडु के सीएम की एंट्री पर विवाद, भाजपा का एलान- बिना माफी नहीं होगी एंट्री

**एजेंसी**
**तिरुवनंतपुरम ।** भाजपा केरल प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने साफ कहा कि अगर मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन हिंदुओं से माफी नहीं मांगते, तो उन्हें ग्लोबल अयप्पा संगम में शामिल होने नहीं दिया जाएगा।

**हिंदुओं और सबरीमला परंपराओं के अपमान का आरोप**
राजीव चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि विजयन, स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि ने कई बार हिंदू धर्म और अयप्पा भक्तों का अपमान किया है। भाजपा ने पिनाराई विजयन पर आरोप लगाया है कि उन्होंने भक्तों को जेल भेजा, उन पर केस दर्ज किए और पुलिस हिंसा कराई। वहीं तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन और उनके बेटे व डिप्टी सीएम उदयनिधि पर आरोप है कि उन्होंने हिंदू धर्म को वायरस बताकर अपमानित किया।

**चुनाव से पहले ड्रामा-भाजपा का दावा**
भाजपा नेता ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले अयप्पा संगम आयोजित करना केवल राजनीतिक ड्रामा और लोगों को धोखा देने की रणनीति है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा हर हिंदू की यादों में गहराई से दर्ज है और न तो भुलाया जाएगा, न माफ किया जाएगा। बता दें कि ग्लोबल अयप्पा संगम 20 सितंबर को पंपा (जिला पथनमथिट्टा, केरल) में होना है। इस आयोजन को त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड और केरल सरकार मिलकर कर रहे हैं। हाल ही में देवस्वम मंत्री वी.एन. वासवन ने चेन्नई जाकर स्टालिन को औपचारिक निमंत्रण दिया था।



**पहले माफी मांगे, फिर राजनीति करें**
राजीव चंद्रशेखर ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, 'पिनराई विजयन सभी केस वापस लें और भक्तों से माफी मांगें।' 'स्टालिन और उदयनिधि हिंदुओं से माफी मांगें और क्षमा याचना करें।' 'बिना माफी के कार्यक्रम में आने की कोशिश की गई तो भाजपा कार्यकर्ता विरोध करेंगे।'

**भाजपा की चेतावनी**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने सख्त लहजे में कहा, 'भाजपा किसी को भी हिंदू आस्था का अपमान करने की अनुमति नहीं देगी। अगर माफी नहीं मांगी गई तो हम सड़क पर उतरकर इसका विरोध करेंगे।'

# निक्की हत्याकांड में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी**
गौतमबुद्धनगर जिले के ग्रेटर नोएडा के थाना कासना इलाके में हुए निक्की मौत मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना की मदद से विवाहिता की जलाकर हत्या के मामले में वांछित चल रहे जेठ रोहित भाटी को सिरसा टोल चौराहा के पास से गिरफ्तार किया है।

आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस इस मामले में पहले आरोपी पति विपिन भाटी को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सास दया को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। सास को आज न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। वहीं, आरोपी ससुर सत्यवीर की तलाश की जा रही है। इस मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वत÷ संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश के डीजीपी को पत्र भेजा है।

आयोग ने सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और तीन दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। साथ ही निष्पक्ष जांच और पीड़िता के परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। इससे पहले, पत्नी निक्की को जिंदा जलाने का आरोपी पति विपिन भाटी पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया। ग्रेटर नोएडा की कासना कोतवाली पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसकी निशानदेही पर ज्वलनशील पदार्थ (थिनर) बरामद करने के लिए उसे लेकर सिरसा गांव गई थी। वहीं, घायल विपिन को देखने पहुंची उसकी मां और आरोपी दया को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



अदालत ने विपिन को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने बताया, मुखबिर की सूचना और इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के जरिये आरोपी विपिन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस दोपहर 12 बजे ज्वलनशील पदार्थ की बरामदगी कराने के लिए उसे एक खेत पर लेकर पहुंची थी। तभी सिरसा चौराहे के पास आरोपी ने जिम्स चौकी इंचार्ज दरोगा वरुण की पिस्तौल निकालकर दो गोलियां दाग दीं और भाग निकला। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। पैर में गोली लगने के बाद आरोपी वहीं गिर गया। पुलिस ने घायल विपिन को राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में भर्ती कराया। मौके से ज्वलनशील पदार्थ की छोटी बोतल, दरोगा से छीनी पिस्तौल बरामद की गई है।

## ग्रेटर नोएडा दहेज हत्या मामला - राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान, यूपी पुलिस को 3 दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश

**नई दिल्ली ।** ग्रेटर नोएडा में दहेज की मांग को लेकर एक महिला को आग के हवाले कर बेरहमी से मार डालने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस दिल दहला देने वाले मामले पर अब राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने गंभीर रुख अपनाया है। आयोग ने इस घटना की मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए यूपी सरकार और पुलिस को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को पत्र लिखकर इस मामले में तत्काल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी, कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई और मृतका के परिजनों व गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। आयोग ने पुलिस को यह भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस मामले की निष्पक्ष और तेजी से जांच की जाए ताकि दोषियों को जल्द से जल्द सजा और पीड़िता को न्याय मिल सके। इसके साथ ही तीन दिनों के भीतर विस्तृत कार्यवाही रिपोर्ट भी आयोग को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।



## कोई दबाव हमारे सांस्कृतिक और जमीन के संरक्षण को नहीं रोक सकता - सीएम सरमा

**एजेंसी**
**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक बड़ा बयान जारी करते हुए अपने खिलाफ चल रहे कथित 'प्रोपेगेंडा' पर जवाब दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ संगठन और दिल्ली से आई एक विशेष टीम असम में कानून के दायरे में की जा रही वैध बेदखली कार्रवाई को 'मानवता संकट' बताकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री सरमा ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'कल जमात-ए-हिंद द्वारा मेरी बर्खास्तगी की मांग के बाद, दिल्ली स्थित एक टीम हर्ष मंदर, वजाहत हबीबुल्लाह, फयाज शाहीन, प्रशांत भूषण और जवाहर सरकार अब असम में डेरा डाले हुए हैं।' सीएम सरमा के अनुसार, इन लोगों का एकमात्र उद्देश्य राज्य में चल रही वैध बेदखली कार्रवाई को 'मानवाधिकार संकट' के रूप में पेश करना है।



उन्होंने कहा, ÷यह एक सुनियोजित प्रयास है ताकि हम असम की जमीन और संस्कृति की रक्षा के लिए जो अभियान चला रहे हैं, उसे कमजोर किया जा सके।' मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी सरकार इस तरह के किसी भी दबाव या झूठे प्रचार से डरने वाली नहीं है। उन्होंने लिखा, 'हम सतर्क हैं और पूरी मजबूती के साथ खड़े हैं। कोई भी प्रोपेगेंडा या बाहरी दबाव हमारे अभियान को नहीं रोक सकता। हम अपनी जमीन और संस्कृति की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।'असम में हाल के दिनों में अवैध कब्जों को हटाने के लिए सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर बेदखली अभियान चलाया गया है।

## यूक्रेनी राजदूत बोले- पीएम मोदी के निमंत्रण पर जल्द भारत आएंगे राष्ट्रपति जेलेंस्की

### ▶▶ तारीख अभी तय नहीं

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** , यूक्रेन के राजदूत ओलेक्जेंडर पोलीशचुक ने पुष्टि की कि राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की जल्द ही भारत का दौरा करने वाले हैं। दोनों देशों के बीच तारीख तय करने का काम चल रहा है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमंत्रण के बाद संभव हो रहा है।

पोलिशचुक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जेलेंस्की को भारत आने का निमंत्रण दिया है। दोनों पक्ष इस पर काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि राष्ट्रपति जेलेंस्की निश्चित रूप से भारत आएंगे। यह हमारे द्विपक्षीय संबंधों में एक बड़ी उपलब्धि होगी। हम एक सटीक तारीख पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं। यह बात यूक्रेन के राष्ट्रीय ध्वज दिवस पर बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यूक्रेन भारत को शांति वार्ताओं में एक महत्वपूर्ण साथी मानता है, क्योंकि भारत के रूस के साथ गहरे संबंध हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को युद्ध को खत्म करने में भारत की अधिक भागीदारी की उम्मीद है। पोलिशचुक ने कहा कि युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान के दृष्टिकोण से भारत की स्थिति मेल खाती है। उन्होंने कहा, भारत शांति और संवाद का समर्थन करता है। सभी पक्षों और रूस के साथ बातचीत का समर्थन करता है, ताकि यूक्रेन में शांति स्थापित हो सके। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पहले के बयान का भी जिक्र किया कि भारत तटस्थ नहीं है बल्कि शांति और संवाद के पक्ष में मजबूती से खड़ा है।

यूक्रेनी राजदूत ने बताया कि भारत और यूक्रेन के संबंध 2023 के बाद बेहतर हुए हैं और दोनों देश भविष्य में रणनीतिक साझेदारी के अवसर की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत और यूक्रेन के बीच भविष्य की रणनीतिक साझेदारी के बारे में मेरा मानना है कि हमारे पास इसकी क्षमता है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले एक साल में भारत ने यूक्रेन के साथ बहुत गहरी बातचीत की है और प्रधानमंत्री मोदी व राष्ट्रपति जेलेंस्की संयुक्त राष्ट्र में कई बार मिले हैं। कूटनीतिक प्रयासों पर टिप्पणी करते हुए पोलिशचुक ने कहा कि कीव बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन रूस यह रूस के रुख और पश्चिम के समर्थन पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा, अमेरिका हमारे सबसे बड़े समर्थकों में से एक है। हमारे राष्ट्रपति ने अलास्का की बैठक के बाद स्पष्ट संदेश दिया कि हम बातचीत के लिए तैयार हैं।



ज़ेलेंस्की ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक की थी। यह मुलाकात तब हुई थी, जब उससे पहले ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अलास्का में बैठक की। राजदूत ने कहा कि कीव उम्मीद करता है कि भारत अपने पुराने संबंधों के कारण युद्ध को खत्म करने के प्रयासों में अधिक सक्रिय भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह मुद्दा सितंबर में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में भी आगे बढ़ सकता है। पिछले हफ्ते राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के लोगों को शुभकामनाएं दी थीं। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई थी कि भारत वैश्विक शांति प्रयासों, खासकर रूस के साथ जारी युद्ध को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## आगरा। पोला भाई ग्रुप द्वारा कमला नगर - बल्केश्वर के राजा का 18वाँ विशाल गणेश महोत्सव उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी प्रतिमा के रूप में प्रारम्भ

**देश का दर्पण न्यूज।। उत्तर प्रदेश से संवाददाता।। प्रमोद शर्मा की रिपोर्ट**

**आगरा, कमला** नगर-बल्केश्वर के राजा का 18वाँ विशाल गणेश महोत्सव दिनांक 27-08-2025 दिन बुधवार को गणेश चोक (छोटे गुरूद्वारे के पास), कमला नगर, आगरा में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में पोला भाई ग्रुप द्वारा प्रारम्भ किया गया है। पोला भाई ने बताया कि महोत्सव में उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी गणपति जी की प्रतिमा को स्थापित किया है। जो



लगभग 6700 किलोग्राम वजनी तथा लम्बाई 25 फुट है, जिसे कलकत्ता व नासिक के कारीगरों के द्वारा लगातार दो माह की मेहनत से तैयार किया गया है। मीडिया प्रभारी राजा शर्मा ने बताया कि मूर्ति की खास बात यह है कि यह पर्यावरण के अनुकूल है, इसके निर्माण में सभी प्राकृतिक सामग्रियों (मिट्टी, गोबर, जौ, हल्दी एवं पूजन सामग्री) आदि का उपयोग किया गया है जिससे गणपति जी की प्रतिमा हमारी जीवन दायिनी यमुना नदी को भी कोई नुकसान नहीं पहुचाएगी। गणेश जी की प्रतिमा क्रेन द्वारा गणपति जी के पंडाल में स्थापित की गयी। कृष्णा पंडित जी व आचार्य सचिन दीक्षित जी ने बताया कि ग्यारह दिनों तक प्रतिदिन 3 बार (सुबह 5:00 बजे मंगला आरती, सुबह 9:00 बजे आरती व रात्रि 9:00 बजे) आरती होगी, जिसमें सम्पूर्ण क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। कार्यक्रम में आशू जैन, प्रदीप अग्रवाल (पार्षद), उपमा गुप्ता,मन्जीत सिंह, राममोहन शर्मा, पंकज अग्रवाल (पार्षद), कंचन पवन बंसल (पार्षद), पूजा गिर्राज बंसल (पार्षद), मुरारी लाल गोयल (पार्षद), हरीओम बाबा (पार्षद), अरविन्द भाई, प्रदीप शर्मा, पप्पू भाई, इन्दर डावर, कुन्दनिका शर्मा, उमेश शर्मा (एडवोकेट), अनिल अग्रवाल (एडवोकेट), मोहित चोपड़ा, सुमित पाहवा,
राजीव भसीन, बीनू यादव,गुरुदयाल सिंह बेदी, मनीष, संजय, डॉ० सुभाष अरोड़ा, रविन्द्र महेन्द्रू, महेश निषाद, पवन अग्रवाल (टैण्ट वाले), टिंकू निगम, राकेश, हरीशंकर, रितेश बंसल, हेमन्त प्रजापति, एस.डी. पंडित जी, हनी पंडित, प्रिंस जैन, अनिल चैहान, निक्कू
पंडित, अमृतलाल, कुमकुम उपाध्याय, पूजा जैन, तुलसानी परिवार, अमित गुप्ता सुगन्धी, गोविन्द गुप्ता सुगन्धी, सोनू डाबर, सजल गर्ग, शशांक तिवारी, रवि शर्मा, मुकेश शर्मा एवं प्रवीन , सचिन ठाकुरआदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## दिनदहाड़े एक सनसनीखेज उचक्कागिरी की घटना ने स्थानीय लोगों को सकते में डाल दिया

**सिवानः** नगर थाना क्षेत्र के रजिस्ट्री कचहरी मोड़ पर मंगलवार को दिनदहाड़े एक सनसनीखेज उचक्कागिरी की घटना ने स्थानीय लोगों को सकते में डाल दिया। जानकारी के अनुसार, एक शिक्षक बैंक से 4.5 लाख रुपये निकालकर अपने घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात उचक्कों ने उनका बैग उड़ा लिया। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित शिक्षक ने तुरंत नगर थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर उचक्कों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## आक्रोशित डीलरों ने सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए



**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

डीलर एसोसिएशन के द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में पटना में प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों पर सरकार के द्वारा वर्गता पूर्वक व्यवहार एवं निर्दोष डीलरों को गिरफ्तार कर गलत आरोप लगा जेल में बंद कर देने के विरोध में फेयर प्राइस डिलर्स एसोसिएशन पातेपुर के द्वारा प्रखंड मुख्यालय स्थित अम्बेडकर स्मारक के समीप से कैंडल मार्च निकाल कर आक्रोशित डीलरों ने सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तथा निर्दोष डीलरों को जेल से रिहा नहीं किया जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कैंडल मार्च में एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र प्रसाद, व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश राय,ललन कुमार सिंह,अमोद कुमार,रामाशीष राय, राजेन्द्र राय,अनील कुमार चौधरी, रमेश राय, शिवकुमार राय, राहुल चौधरी, प्रेमचंद राय, अविनाश,जनक राय, मिथलेश कुमार,सुकेश कुमार, मनोरंजन मंडल,मनीष, कुन्दन, जयनारायण पासवान, जयलाल सहनी, शिवचंद्र सहनी,विजय साह, विनोद सिंह,बासकीत राय, अजय कुमार सिंह आदि भारी संख्या में डीलर्स उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव 2025 के निमित्त गठित सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारीगण एवं वरीय पदाधिकारीगण के साथ समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

सिवान,25 अगस्त 2025 सोमवार को डॉ आदित्य प्रकाश, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, सिवान की अध्यक्षता में आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के निमित्त गठित विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारीगण एवं वरीय पदाधिकारीगण के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी के द्वारा अब तक किए गए कार्य एवं आगे किए जाने वाले कार्यों से संबंधित पावर पॉइंट



प्रेजेंटेशन के जरिए स्थिति की जानकारी दी गई । समीक्षा के क्रम में निर्देश देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, सिवान ने कहा कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के अवसर पर गठित किए गए कार्मिक कोषांग /प्रशिक्षण कोषांग/
ई०वी०एम० कोषांग/ सामग्री कोषांग/
कम्प्यूटराईजेशन एवं आई०टी० कोषांग/
निर्वाचक नामावली कोषांग/ शिकायत निवारण एवं वोटर हेल्प लाईन कोषांग/
वाहन कोषांग/विधि व्यवस्था कोषांग, भेद्यता मानचित्र एवं सिक्यूरिटी प्लान कोषांग/ निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग /मीडिया एवं सोशल मीडिया कोषांग/स्वीप कोषांग/कम्युनिकेशन प्लान कोषांग/प्रेक्षक कोषांग/आदर्श आचार संहिता कोषांग/बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट एवं ई.टी.पी.बी.एस. कोषांग के नोडल पदाधिकारीगण अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का स-समय निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे।

सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी गणों को अपने-अपने कोषांग के सुचारू ढंग से संचालन हेतु आवश्यक कर्मीगण एवं आवश्यक संसाधनों की मांग तत्काल करने का निर्देश जिला पदाधिकारी के द्वारा दिया गया।
चुनाव कार्यों में विधि- व्यवस्था संधारण हेतु बड़ी संख्या में पारामिलिट्री फोर्स के सिवान आने की संभावना को देखते हुए सबों के आवासान हेतु भवन चिन्हित कर सभी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने का निर्देश जिला पदाधिकारी के द्वारा दिया गया।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिवान को तत्काल सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी से समन्वय कर आवासन स्थल पर मूलभूत सुविधाएं यथा- बिजली, पानी, शौचालय, साफ-सफाई आदि की उच्च स्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।
प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी को चुनाव में कार्य करने वाले कर्मीगण को स-समय प्रशिक्षण देने हेतु कैलेंडर बनाने का निर्देश दिया गया।

## नारी सशक्तिकरण का एक मिसाल बन गई है जीविका दीदीयां।



**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर** संवाददाता रंजीत कुमार

पातेपुर प्रखंड में जीवीका दीदी अब दस टकिया दीदी नहीं हैं अब वह लखपतीया दीदी हो गई। बिहार के जीवीका देदीयों का चर्चा अब देश ही नहीं पुरी दुनिया में हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी हमेशा जीवीका देदीयों की उत्थान के लिए सोचते रहते हैं। नारी सशक्तिकरण का एक मिसाल बन गई है जीविका दीदीयां।
उक्त बातें बिहार सरकार के पुर्व मंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर दीलीप जयसवाल ने पातेपुर भाजपा कार्यालय के निकट आयोजित जीवीका दीदी प्रशिक्षण वर्ग सह सम्मान समारोह में उपस्थित जीवीका देदीयों को सम्बोधित करते हुए कहा।
उन्होंने ने कहा कि केंद्र एवं राज्य की एनडीए सरकार में चौतरफा विकास हो रहा है। बिहार में लोगों को 125 युनीट बिजली फ्री मिल रही है, सामाजिक सुरक्षा पेंशन को चार सौ से बढ़ाकर 1100 कर दिया गया है। सबका विकास सबका साथ सबका सम्मान के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार काम कर रही है। उन्होंने ने कहा कि पातेपुर में भी विधायक लखेंदर पासवान के नेतृत्व में चौतरफा विकास हुआ है जो आप सभी के सामने है। इस पुर्व प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर दीलीप जयसवाल एवं स्थानीय भाजपा विधायक लखेंदर पासवान आदि ने कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया।
कार्यक्रम को विधायक लखेंदर पासवान, नगर मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, दिनेश साह, बिंदेश्वर राय, जयलाल सहनी, विधानसभा प्रभारी उमेश कुमार विभु, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुखिया दीलीप कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुशवाहा आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में सीओ प्रभात कुमार, मुखिया पुत्र राजेश पासवान, मोहम्मद असगर अली, रीता देवी राम, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामकुमार कुशवाहा, जिलाध्यक्ष अजबलाल साह, कुन्दन सिंहा, नथुनी सिंह, रविकेश आर्य, संतोष कुमार सुमन, आदि के साथ जीवकी की सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी के साथ भारी संख्या में जीवीका दीदी उपस्थित थीं। आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा लखपतीया दीदीयों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## नांन्ता कोटा शहर में नहाने गया युवक पानी में डूबा

**देश का दर्पण**
**संवाददाता सुरेश कुमार पटेरिया**

**कोटा शहर** के नांता थाना क्षेत्र में नहाते समय एक युवक नाले में डूब गया। पता लगने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस व नगर निगम गोताखोर टीम को सूचना दी। निगम की टीम पहुंचने से पहले युवक को बाहर निकाल लिया गया। युवक को एमबीएस हॉस्पिटल लाया गया है। युवक दीपक जेठी (25) नांता इलाके में जेठी मोहल्ले का रहने वाला था।नांता थाना एसएचओ नवल किशोर शर्मा ने बताया- युवक अपने रिश्तेदार के साथ कार से नांता कांच के बालाजी के पास आया था। यहां पुलिया पर एक नाला बना हुआ है। इसमें बारिश का पानी भरा हुआ था। दीपक ने कपड़े खोलकर व मोबाइल गाड़ी में रख दिए। फिर नाले में नहाने उतर गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे टोका।गाड़ी में शराब की बोलतें मिलीं ।नाले में 6 फीट के करीब पानी भरा था। दीपक नाले में डूब



गया। स्थानीय लोगो की मदद से दीपक को नाले से बाहर निकाला। तब तक उसके परिजन भी पहुंच चुके थे। दीपक को आधे घंटे बाद नाले से बाहर निकाला जा सका। जिस गाड़ी में दीपक आया था उसमें बीयर की बोतलें मिली है। उसका साथ शराब के नशे में था। निगम गोताखोर विष्णु श्रृंगी ने बताया कि शाम साढ़े 5 बजे करीब कंट्रोल रूम से युवक के डूबने की सूचना मिली थी। जिस पर मौके पर आए। युवक को पानी से बाहर निकाला जा चुका था।

## पूरे प्रदेश में दो दिन नॉनवेज की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश जारी किया

**जयपुर**

राजस्थान सरकार ने पर्युषण पर्व और अनंत चतुर्दशी के अवसर पर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पूरे प्रदेश में दो दिन नॉनवेज की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। 27 अगस्त एवं 6 सितंबर को प्रदेशभर में बूचड़खाने तथा मटनझ्रचिकन की दुकानें बंद रहेंगी। पहली बार राज्य सरकार ने अंडे की दुकानों पर भी रोक लगाने का निर्णय लिया है।
यह आदेश धार्मिक संगठनों की मांग और पर्व की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए स्वायत्त शासन विभाग द्वारा जारी किया गया है। इस निर्णय पर समाजसेवी एवं राजकीय सम्मानित जिनेश कुमार जैन ने कहा कि – ह्लराजस्थान सरकार का यह कदम धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता को मजबूती प्रदान करेगा। जैन समाज सहित सभी धर्मावलंबियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए लिया गया यह निर्णय अत्यंत स्वागतयोग्य है। हम सरकार के इस संवेदनशील फैसले के लिए हृदय से आभार प्रकट करते हैं।

## पद्मश्री गीता चंद्रन ने भरतनाट्यम के माधुर्य से कलाप्रेमियों को किया मंत्रमुग्ध

### – राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सोमवार को हुआ 'काव्य कथा' का भव्य आयोजन



**जयपुर, 25 अगस्त।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सोमवार की शाम कला और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब पद्मश्री से सम्मानित ख्यातनामा भरतनाट्यम नृत्यांगना श्रीमती गीता चंद्रन ने अपने नृत्यवृक्ष डांस कलेक्टिव के साथ ह्लकाव्य कथाह्व प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सभागार दर्शकों से भरा रहा और हर प्रस्तुति पर तालियों की गूंज छाई रही। शिव स्तुति की दिव्यता, गोविंद वंदना की भक्ति, ओंकारकारिणी की ऊर्जा, वसंत ऋतु की काव्यात्मकता और सूरदास के पदों पर आधारित रामायण की लोरी–इन सभी भावनात्मक और आध्यात्मिक पक्षों को गीता चंद्रन ने अपनी विशिष्ट शैली में मंचित किया। संध्या का समापन ऊजार्वान तिल्लाना के साथ हुआ, जिसे दर्शकों ने खड़े होकर सराहा। गीता चंद्रन के साथ नृत्यवृक्ष की प्रतिभाशाली कलाकार राधिका कथल, मधुरा भ्रुशुंडी, सौम्या लक्ष्मी नारायणन और यादवी शकधर मेनन ने भी मंच पर सामंजस्य और भावनात्मक गहराई का सुंदर योगदान दिया। जीवंत संगीत के साथ उनकी सामूहिक प्रस्तुति ने दर्शकों के अनुभव को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। प्रस्तुति के उपरांत गीता चंद्रन ने कहा कि भरतनाट्यम उनके लिए केवल नृत्य नहीं, बल्कि प्रार्थना, दर्शन और काव्य का जीवंत संगम है।

## भीलवाडा ज़िले में लगातार दो घटनाएं लगातार भारी बारिश होने से गांगलास व बासेड़ा में कच्चा मकान ढहा,प्रशासन से लगाई आर्थिक सहयता कि गुहार

**सुरज वर्मा**



**भीलवाडा ज़िले** के रायला क्षेत्र के ग्राम पंचायत गांगलास में दो दिन से लगातार भारी बारिश होने से कच्चा मकान ढह गए गांगलास निवासी सोहन लाल पिता मांगी लाल जंगलिया का मकान क्षतिग्रस्त हो गया। यह घटना रविवार शाम की है बारिश के कारण इन परिवार का घरेलू सामान भी नष्ट हो गया है। प्रभावित परिवारों को रहने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से राहत और मदद की मांग की है।मकान ढहने से प्रभावित परिवार वर्तमान में आश्रय की तलाश में हैं।स्थानीय प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि जल्द से जल्द प्रभावित परिवार की मदद की जाए फुलिया कलां उपखंड क्षेत्र के बासेड़ा पंचायत में लगातार तेज बारिश से कच्चे मकान की दीवार गिरी मामला बासेड़ा पंचायत के वार्ड नंबर 7 मे रैगर मोहल्ले में सुखदेव रैगर पिता चंद्रा रैगर के कच्चा मकान लगातार भारी बारिश के कारण कच्चा मकान कल रात्रि को गिर गया जानकारी के अनुसार रात्री 2 बजे करीब की घटना बताई जा रही हैं दीवार गिरने की हडबडाठ के कारण दीवार के पास सो रहे, वृद्ध की नींद जग जाने से जन हानि होने से बच गया नहीं तो बहुत बड़ी अप्रिय घटना घटित हो सकती थी उपखंड क्षेत्र में लगातार बारिश होने से गरीब व्यक्तियों के कच्चे मकान का गिरने का अंदेशा बना हुआ है प्रशासन को पटवारी को क्षेत्र में भेज कर घटित घटनाओं का जायजा लेकर आर्थिक मदद करने की क्षेत्र वासियों ने मांग की है

## शाहपुरा में 6 सफाई कर्मचारियों की बहाली की मांग,पालिका अध्यक्ष ने दिया शीघ्र बहाली का आश्वासन



**सुरज वर्मा**

शाहपुरा शहर में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ने सोमवार को पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी और अधिशासी अधिकारी रिंकल गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर 6 निलंबित सफाई कर्मचारियों को बहाल करने की मांग की। यूनियन ने बताया कि कुत्ते पकड़ने की कार्रवाई के दौरान बने एक वीडियो को आधार बनाकर कर्मचारियों को बिना तथ्य जांचे निलंबित किया गया, जो न्यायसंगत नहीं है। यूनियन ने संबंधित व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की भी मांग की। अध्यक्ष सोनी ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए जल्द बहाली का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने के दौरान कई यूनियन पदाधिकारी और सामाजिक संगठन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## राजस्व महा अभियान के तहत खेसराही में विशेष शिविर का आयोजन

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**



पातेपुर( वैशाली) बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा आपके जमीन के रिकार्ड अभिलेख की अशुद्धियों के सुधार को लेकर विशेष राजस्व महा अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत खेसराही पैक्स कार्यालय परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।
शिविर में मुख्य रूप से सीओ प्रभात कुमार, पैक्स अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुशवाहा, राजस्व कर्मचारी गोल्डेन कुमार,अंलल अमीन लक्की कुमारी,डाटा आपरेटर प्रमोद कुमार आदि उपस्थित थे।

## वोट चोरी के खिलाफ पोस्टकार्ड अभियान चलाया

**देश का दर्पण.न्यूज पेपर**
**न्यूज रिपोर्टर.राकेश कोठेनिया हलेना**

भरतपुर..एमएसजे कॉलेज परिसर में सोमवार को एनएसयूआई कार्यकताओं ने वोट चोरी के खिलाफ पोस्टकार्ड अभियान चलाया। यह कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ के निर्देश पर जिला अध्यक्ष हरजीत सिंह सांखला के नेतृत्व में आयोजित हुआ। अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया और लोकतंत्र की मजबूती तथा वोट चोरी के खिलाफ अपनी आवाज राष्ट्रपति तक पहुंचाने के लिए पोस्टकार्ड लिखे गए। इस दौरान हरजीत सिंह सांखला ने कहा कि वोट चोरी ने देश की जनता का विश्वास तोड़ा है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ खड़े होकर राष्ट्रपति से मांग की कि तुरंत डिजिटल वोटर लिस्ट प्रकाशित की जाए और फर्जी वोटरों के जरिये हो रही वोट चोरी पर रोक लगाई जाए। छात्र नेता सोनू फौजदार हथैनी ने कहा कि एनएसयूआई संगठन लोकतंत्र की मजबूती और छात्रहितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करता रहेगा। कार्यक्रम में कौशल फौजदार, धर्मेन्द्र कुमार, शुभम मौर्य, योगेश खटाना, चंदू देशवाल, हम्वीर फौजदार, राहुल चौधरी, कुशाल, प्रिंस,

## जन वितरण प्रणाली बिक्रेताओ द्वारा पटना में पदयात्रा के दौरान पुलिस ने किया लाठीचार्ज एवं गिरफ्तारी के विरोध में कैण्डील मार्च निकाला, जमकर नारेबाजी

**देश का दर्पण न्यूज संवाददाता रमेश प्रसाद सिंह की रिपोर्ट बिहार वैशाली से**

बिहार राज्य फेयर प्राइस एसोसिएशन के आह्वान पर आठ सूत्री मांगों के समर्थन में पटना डाक बंगला चौराहे पर पदयात्रा निकाला जा रहा था। इसी दौरान पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया, आसू गैस छोड़े गये, इसी के साथ गिरफ्तारी की की गयी। जिसके विरोध में वैशाली जिले के विभिन्न प्रखंडों जैसे हाजीपुर,



लालगंज, वैशाली, पटेढ़ी बेलसर, गोरौल, भगवानपुर, राजापाकर, जंदाहा, महनार, देसरी, सहदेई , राघोपुर, पातेपुर, महुआ समेत चेहराकलां प्रखण्ड में आक्रोशित जन वितरण प्रणाली बिक्रेताओ ने अपने अपने प्रखण्ड मुख्यालयों में कैण्डील मार्च निकाला। सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की गयी। इस मौके पर एसोसिएशन इकाई चेहराकलां जन वितरण प्रणाली बिक्रेताओ कृष्णा सिंह, दीपक कुमार, शिवजी राय, भोला पासवान, सुरेश पासवान, सुजीत कुमार, बिपिन कुमार, अशर्फी राय, सुरेश पासवान, सत्य नारायण पासवान, राजू राय,लक्ष्मी नारायण भक्त, मनोज कुमार दिवाकर,अरशद हसन, सन्नी कुमार समेत अन्य डीलर शामिल थे।

## सोनार हवेली में चल रहे धर्मांतरण के युवक को दूसरी जेल भेजा

**देश का दर्पण. न्यूज पेपर**
**पत्रकार. राकेश कोठेनिया**

**भरतपुर.....**धर्मांतरण प्रकरण में नामजद प्रोफेट बजिंदर सिंह को भरतपुर लाकर अदालत में पेश किया गया था, जहां कोर्ट ने उसे 15 दिन के न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए। लेकिन मात्र एक दिन सेवर जेल में रखने के बाद पुलिस उसे वापस मानसा जेल (पंजाब) ले गई। सेवर जेल अधीक्षक परमजीत सिंह ने जानकारी दी कि बजिंदर



सिंह पंजाब की मानसा जेल में पहले से ही सजा काट रहा था। ऐसे में तय प्रक्रिया के तहत उसे वहीं शिफ्ट किया गया है। गौरतलब है कि 12 फरवरी 2024 को अटल बंद थाना पुलिस ने सोनार हवेली में चल रहे धर्मांतरण कार्यक्रम का खुलासा किया था। जांच में सामने आया कि कार्यक्रम की फंडिंग जिस अकाउंट से हुई, उसका खाता धारक बजिंदर सिंह ही है। इसके बाद पुलिस ने शनिवार को उसे प्रोडक्शन वारंट पर मानसा जेल से भरतपुर लाकर अदालत में पेश किया। अदालत से 15 दिन की जेसी मिलने के बावजूद, बजिंदर सिंह अगले ही दिन पंजाब की मानसा जेल भेज दिया गया। यानी भरतपुर जेल का ह्लमेहमानह्व वह सिर्फ एक दिन ही रहा।



सिवान: रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के संठी गांव निवासी मनोज कुमार सिंह को अपराधियों ने मारी गोली. गंभीर हालत में सदर अस्पताल रेफर, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी




**मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर कोटा-भरतपुर संभाग के भाजपा सांसद, विधायकों और लोकसभा एवं विधानसभा प्रत्याशियों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों से विकसित राजस्थान - 2047 की रूपरेखा, लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और बजट घोषणाओं की क्रियान्विति और प्रगति पर चर्चा करते हुए उनसे जनकल्याण और प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मदन राठौड़ भी उपस्थित रहे।**

## गंगासागर में विपक्ष के नेता पर कुत्सित प्रचार का आरोप, तृणमूल कांग्रेस का धिक्कार जुलूस



**रमेश राय**
**गंगासागर:** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी द्वारा सुंदरबन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाने के बाद गंगासागर में तृणमूल कांग्रेस की ओर से जोरदार धिक्कार मिछिल (प्रदर्शन जुलूस) निकाला गया। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया था कि कचुबेरिया घाट पर चलने वाली वेसल सेवा से धन उगाही की जा रही है। उनका कहना है कि धमकी देकर सीसीटीवी कैमरे बंद करा दिए गए और आदेश दिया गया कि वेसल से होने वाली दैनिक कमाई का एक-तिहाई हिस्सा टीएमसी दफ्तर में जमा किया जाए। अधिकारी ने दावा किया कि पहले प्रतिदिन लगभग 18 हजार रुपये की वसूली होती थी, जो अब घटकर 12 हजार हो गई है। इन आरोपों को मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा ने पूरी तरह झूठ और निराधार बताया। आरोपों के विरोध में तृणमूल कांग्रेस कार्यकताओं ने कचुबेरिया वेसल घाट और पूरे सागरद्वीप में धिक्कार जुलूस निकाला। इस दौरान जिला परिषद सदस्य और सागर-बक्खाली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संदीप कुमार पात्र ने कहा कि गद्दार शुभेंदु अधिकारी झूठा प्रचार कर रहे हैं। यह पूरी तरह भ्रामक और अपमानजनक है। यदि उन्होंने माफी नहीं मांगी तो मानहानि का मामला दायर किया जाएगा और बड़े आंदोलन की शुरूआत होगी। सागरद्वीप में तृणमूल समर्थकों ने एक स्वर में शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी की और इसे भ्रामक राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया।

## 'श्रीअन्न' के मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए लाभ पर कार्यशाला आयोजित



**जयपुर, 25 अगस्त।** राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, दुगार्पुरा, जयपुर में सोमवार को 'श्रीअन्न' के मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण हेतु लाभ विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पद्मश्री एवं कृषि रत्न अवार्ड से सम्मानित मिलेट मेन ऑफ भारत डॉ. खादर वाली ने कहा कि श्रीअन्न जो आमतौर पर मिलेट्स के नाम से जाने जाते हैं। इनमें पोषक तत्व अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में पाए जाते हैं इसलिए श्रीअन्न को सुपरफूड भी कहा जाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा श्रीअन्न को प्रोत्साहित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई प्रयास किए गए, जिसके फलस्वरुप उनके प्रयासों से वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया गया। उन्होंने कहा कि भारत में श्रीअन्न को मोटे तौर पर दो श्रेणियों में वगीर्कृत किया गया है, बड़े श्रीअन्न और छोटे श्रीअन्न। मोटे अनाज में बाजरा, रागी, चेना, ज्वार, मक्का शामिल हैं तथा छोटे अनाज में मुराट, कुटकी, कोंदो, सांवा, कांगणी शामिल हैं। श्रीअन्न का विश्व में सबसे अधिक उत्पादन हमारे देश में होता है।

# प्रदेश के विद्यार्थी अब होंगे अपने मताधिकार और नैतिक मतदान के प्रति जागरूक —निर्वाचन विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के बीच हुआ एमओयू



**जयपुर, 25 अगस्त।** निर्वाचन साक्षरता एवं मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में निर्वाचन विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के बीच सोमवार को शासन सचिवालय, जयपुर में ऐतिहासिक एमओयू हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन एवं शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग श्री कृष्ण कुणाल ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस संयुक्त एमओयू के तहत राज्य के समस्त माध्यमिक / उच्च माध्यमिक स्तर के राजकीय एवं निजी विद्यालयों में भारत निर्वाचन आयोग की संकल्पना को साकार करते हुए स्कूल निर्वाचन साक्षरता क्लब (एछउ) का सुदृढ़ीकरण एवं ईएलसी गतिविधियों का सुचारू संचालन संपन्न हो सकेगा।

ॅबैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री महाजन ने कहा कि राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग के पर्यवेक्षण में राजकीय एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को शामिल करते हुए निर्वाचन साक्षरता क्लब गठित कर संचालित किया जा रहे हैं। इन क्लबों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए शाला दर्पण पोर्टल एवं प्राइवेट स्कूल पोर्टल पर ऑनलाइन ईएलसी एंट्री मॉड्यूल उपलब्ध कराया गया है। देश में राजस्थान स्कूल ईएलसी के सुदृढ़ीकरण हेतु डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने वाला संभवतः पहला राज्य है। अब कक्षा 9 से 12वीं में अध्ययनरत 17 वर्ष के समस्त विद्यार्थियों का अग्रिम रूप से मतदाता पंजीकरण आसान होगा और 18 वर्ष की आयु को पूर्ण करते ही विद्यार्थियों को उनका मतदाता पहचान पत्र प्राप्त हो जाएगा, जिससे वो आगामी चुनावों में सक्रिय मतदाता के रूप में अपना कर्तव्य निभा सकेंगे।श्री महाजन ने कहा कि इस टङ्कव का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर मतदाता शिक्षा, जागरूकता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना तथा भावी मतदाताओं में निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति समझ विकसित करना है। साथ ही भविष्य में भारत निर्वाचन आयोग एवं शिक्षा मंत्रालय झ भारत सरकार के निर्देशन में एनसीईआरटी द्वारा विकसित मतदाता शिक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम को राज्य की स्कूल शिक्षा में शामिल किया जाना प्रस्तावित है। ाासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग श्री कृष्ण कुणाल ने कहा कि इस एमओयू से हम विद्यार्थियों के समग्र विकास की ओर अग्रसर होंगे और उनमें मतदाता शिक्षा एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का समावेश हो सकेगा।

## बन्धक श्रमिक सर्वेक्षण, मुक्ति व पुर्नवास कार्यों में लाएं प्रगति



**जयपुर, 25 अगस्त।** बन्धक श्रमिक सर्वेक्षण मुक्ति एवं पुर्नवास के सम्बन्ध में जिला स्तरिय बन्धक श्रमिक सर्तकता समिति की बैठक अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर (दक्षिण) श्री संतोष कुमार मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि बन्धक श्रमिक सर्वेक्षण मुक्ति व पुर्नवास के कार्य में सभी सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए प्रगति लाएं और मुक्त करवाएं हुए बाल श्रमिकों के नियोजकों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाकर अपराध प्रमाणित होने पर दोषियों के खिलाफ उचित दण्डात्मक कार्यवाई की जाए। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर (दक्षिण) द्वारा निर्देशित किया कि बाल श्रम संभावित फैक्ट्रियों तथा ईंट भट्टों मालिकों के साथ समझाइश तथा जाग्रति पैरा की जाये। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रार्थना सभा एवं बाल सभा में बाल श्रम के बारे विद्यार्थियों को जागरूक किया जाये। बैठक में संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त, जयपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पुलिस विभाग, चाईल्ड लाईन, स्वयंसेवी संस्थाओं व श्रम विभाग के समन्वित प्रयास से वर्ष 2024 में कुल 240 तथा माह जनवरी 2025 से जुलाई तक 131 बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया गया। संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त, जयपुर द्वारा यह भी अवगत करवाया गया कि न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत माह जनवरी 2025 से जुलाई 2025 तक 28 दावे व वेतन भुगतान अधिनियम के तहत माह जनवरी 2025 से जुलाई 2025 तक 11 दावे प्राप्त हुए हैं। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला द्वारा बताया गया कि बाल श्रमिकों के मामले में एफआईआर दर्ज होने के पश्चात न्यायालय में विचारण के स्तर पर जब बाल श्रमिक को पेश किया जाता है

## बहनों का सम्मान- शक्ति का सम्मान रक्षा सूत्र कार्यक्रम आयोजित



**जयपुर, 25 अगस्त।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने सोमवार को अलवर में आयोजित बहनों का सम्मान- शक्ति का सम्मान रक्षा सूत्र कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में वन राज्य मंत्री श्री शर्मा को 1500 से अधिक बहनों ने रक्षा सूत्र बांधे जिस पर मंत्री श्री शर्मा ने बहनों को शगुन स्वरूप उपहार भेंट किए। वन राज्य मंत्री श्री संजयशर्मा ने रक्षा सूत्र कार्यक्रम में बहनों से कहा कि आप पर आने वाले किसी भी प्रकार के संकट में मैं ढाल बनकर खड़ा होऊंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि देश के कल्याण में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है, शासन में मातृशक्ति की हिस्सेदारी और बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोकसभा एवं विधानसभा में मातृ शक्ति के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया, वहीं हमारी पूर्ववर्ती राज्य सरकारों ने नगर निकाय एवं पंचायती राज चुनाव में मातृशक्ति को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मातृशक्ति की सशक्तिकरण व आत्मनिर्भर बनाने के लिए लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, रसोई सब्सिडी योजना के अंतर्गत 450 रुपए में गैस सिलेंडर तथा पीएम आवास व पीएम मुद्रा योजना के साथ राजीविका तथा घर-घर शौचालय योजना इत्यादि संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ह्यएक पेड मां के नामह्न पौधे लगाने का आह्वान किया है, जिससे प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा शुरू किए गए हरियालो राजस्थान अभियान के तहत राजस्थान को हरा-भरा प्रदेश बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

## 'राज किसान साथी' प्रोजेक्ट को मिला राष्ट्रीय सीआईपीएस इनोवेशन अवार्ड

**जयपुर, 25 अगस्त।** राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग ने एक और गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है। विभाग की 'राजकिसान साथी' परियोजना को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सीआईपीएस इनोवेशन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में आयोजित समारोह में प्रदान किया। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने इस उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए नवाचारों की सराहना की और भविष्य में भी सभी एप्लिकेशंस में नवीनतम तकनीकों को सम्मिलित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार राजस्थान सरकार के नवाचार और किसान कल्याण के प्रति समर्पण को दशार्ता है। हमारा उद्देश्य किसानों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग को सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से एक ही मंच पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से, पारदर्शिता के साथ, तेज गति से और घर बैठे मिल सके।



## धार्मिक स्थलों के संरक्षण व विकास को सरकार विशेष प्राथमिकता दे रही है – गृह राज्य मंत्री,



**जयपुर, 25 अगस्त। दौसा** के महुवा उपखंड के सिकंदरपुर गांव में क्षेत्र के आराध्य बाबू महाराज का वार्षिक लक्खी मेला सोमवार को धूमधाम से आयोजित हुआ। मेले में हजारों की संख्या में महिलाझ्रपुरुष श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा के दरबार में माथा टेका और मन्नतें मांगी। मेले में आयोजित कुश्ती दंगल में पहलवानों ने जोर आजमाइश कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों के संरक्षण व विकास को सरकार विशेष प्राथमिकता दे रही है। मंत्री ने युवाओं से नशे व बुरी आदतों से दूर रहकर शिक्षा की ओर ध्यान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम को पूर्व जिला प्रमुख अजीत सिंह महवा ने भी संबोधित किया। मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की।

## राजस्थान में जन सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर सरकार का बड़ा फोकस

**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी**



प्रदेश में कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और पुलिसिंग में पारदर्शिता लाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप पुलिस विभाग पूरी तरह एक्शन मोड में है। पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा ने इसी कड़ी में प्रदेशभर में रेंज-स्तरीय समीक्षा बैठकों की शुरूआत की है। गत सप्ताह भरतपुर में पहली बैठक के बाद सोमवार को उदयपुर रेंज की अहम समीक्षा बैठक डूंगरपुर पुलिस लाइन सभागार में हुई। करीब 8 घण्टों तक चली इस मैराथन बैठक में क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति, अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग की गुणवत्ता, साइबर क्राइम, लंबित आपराधिक प्रकरणों पर की जा रही कार्यवाही, विशिष्ट अभियानों के संचालन, नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

झूठे प्रकरण दर्ज कराने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही हो

डीजीपी श्री शर्मा ने बैठक में कहा कि गत वर्षों में देखा गया है कि प्रदेश में गंभीर धाराओं में दर्ज होने वाले कई प्रकरण झूठे पाए जा रहे हैं। इस तरह के झूठे केसों से न केवल पुलिस का समय बर्बाद होता है बल्कि राज्य की छवि भी खराब होती है। उन्होंने यह भी कहा कि दर्ज होने वाले प्रत्येक प्रकरण में पुलिस बिना किसी पूर्वाग्रह के पूरी ईमानदारी से जांच करे, आरोप सही पाए जाने पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करे । यदि कोई केस झूठा पाया जाता है, तो तुरंत संबंधित व्यक्ति पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। शराब जब्ती की कार्यवाही की समीक्षा कर रिपोर्ट दें

उन्होंने बैठक में पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरियाणा और पंजाब से आने वाली अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पूरी सतर्कता के साथ कार्यवाही करें, केमिकल सप्लायर पर नजर रखें तथा दोषियों की संपत्ति अटैचमेंट की कार्यवाही करें। उन्होंने अवैध शराब के प्रकरणों पर कहा कि वर्ष 2024-25 के प्रकरणों में जब्ती की कार्यवाही की सूची बनावें और शराब तस्करी के तंत्र की अपने स्तर पर समीक्षा कर सात दिनों में प्राप्त निष्कर्ष की जानकारी आईजी को उपलब्ध करावें।

**सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के निर्देश**

समीक्षा बैठक में डीजीपी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु अत्यंत दुखद है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस को ऐसे ठोस प्रयास करने होंगे, जिनसे दुर्घटनाओं में कमी आए और जनहानि को रोका जा सके। डीजीपी ने सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित करें और यह सुनिश्चित करें कि इन स्थलों पर दोबारा दुर्घटना न हो। उन्होंने कहा कि सड़कों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाएं, झाड़ियों की कटाई की जाए और जेब्रा लाइन बनवाए जाएं, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम हो। उदयपुर एसपी योगेश गोयल ने राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए की कार्यवाही की जानकारी दी तो डीजीपी ने ऐसे छोटे-छोटे सुधारों को अनुकरणीय बताया। इसके साथ ही उन्होंने ओवरलोडिंग और ओवरस्पीडिंग पर अंकुश लगाने तथा ड्रिंक एंड ड्राइव के मामलों में सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

अपराधियों पर निगरानी रखने के निर्देश

डीजीपी ने हार्डकोर अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों और पहले पकड़े गए या चिन्हित किए गए अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा ताकि अपराध की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि कोई अपराधी जेल से छूटने या बरी होने के बाद फिर से कोई अपराध करता है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित पुलिस अधिकारियों की होगी। सभी थानाधिकारियों को ऐसे अपराधियों पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

**साइबर क्राइम पर फोकस**

डीजीपी ने आईटी एक्ट व साइबर क्राइम के मामलों पर बिना देरी किए त्वरित गति से कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने हर जिले में स्थापित की गई साइबर डेस्क की कार्यप्रणाली की जानकारी लेकर दर्ज प्रकरणों और आम जनों को दी गयी राहत की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कम से कम तीन लोगों को साइबर अपराध से निपटने के लिए उचित प्रशिक्षण दिया जाए ताकि तकनीक का उपयोग कर प्रभावी कार्रवाई कर राहत दी जा सके।

**डूंगरपुर एसपी की सराहना की**

डूंगरपुर जिले की समीक्षा दौरान एसपी मनीष कुमार ने जिले में लागू किये गए नवाचारों 'ऑपरेशन संस्कार' के तहत रील्स तैयार करने व सोशल मीडिया के इस्तेमाल कर जनजागृति पैदा करने की जानकारी दी तो डीजीपी शर्मा ने इसकी सराहना करते हुए अनुकरणीय बताया। डीजीपी ने न्यायालय में लंबित मामलों के संबंध में निर्देश दिए कि माननीय न्यायालय को भेजे जाने वाले जवाब पूर्णतया सही, तथ्यात्मक, त्वरित और गुणवत्तायुक्त हो। इसी प्रकार उन्होंने कानून-व्यवस्था, संपत्ति व शरीर संबंधी अपराध, विशिष्ट अपराधों में लिए गए फिंगरप्रिंट/चांस प्रिंट, आईपीसी/बीएन्स के तहत दर्ज प्रकरण, गंभीर प्रकृति के अनसुलझे मामलों, महिला अत्याचार, पोक्सो एक्ट, आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, अवैध फायर आर्म्स आदि के संबंध में जिलेवार समीक्षा की और इनकी प्रगति के संबंध में की गयी कार्यवाही की जानकारी लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## प्रतिभा सम्मान समारोह, गोठ एवं स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी**
**प्रतिभा सम्मा**न समारोह,गोठ एवं स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन सिकराय मानपुर तहसील कार्यकारिणी द्वारा बाँसखो नाईनाथ धाम में किया गया। आदिदेव अजमीढ़ जी महाराज का मंत्रोच्चारण के साथ माला पहनाकर दीप प्रज्जवलित किया गया। कार्यक्रम में
समाज के सभी मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह नगद रुपए प्रदान किए। 2025 की बोर्ड परीक्षा में 75% व अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के सभी मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह नगद रुपए प्रदान किए। पूर्व अध्यक्ष चांदेरा ने समाज के सभी 90% व अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पांच सो रुपया 786 अंक वाले प्रदान किए।
कार्यक्रम में दौसा जिले की सभी समिति महवा, मंडावर, सिकराय, बसवा, बांदीकुई, दौसा, नांगल राजावतान, लालसोट, मंडावरी, बस्सी, समितियों के पदाधिकारिगण व सिकराय क्षेत्र की मात शक्तियों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में आदर्श विद्या मंदिर जिला दौसा के मुख्य व्यवस्थापक राजेन्द्र कुमार सोनी मानपुर सिकराय तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार सोनी भंडारी,रामकिशोर सोनी बैराडिया चाकसू,दोसा जिला सम्मेलन अध्यक्ष मोहनलाल सोनी लालसोट, दौसा जिला प्रभारी बाबूलाल सोनी,
ज्वेलर्स एसोसिएशन दोसा जिला अध्यक्ष महेश सोनी ढिल्लीवाल,
मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाजिक सेवा संस्था दोसा जिला अध्यक्ष दीनदयाल सोनी कजोतिया,
जगदीश सोनी बनियाना, शम्भूदयाल जी जोडा नांगल,
मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाजिक सेवा संस्था प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर सोनी जमवाल, प्रदेश प्रचार मंत्री गिर्राज सोनी जोड़ा नांगल,निरंजन लाल सोनी जमवाल, मोहनलाल सोनी जमवाल, महेश सोनी पाटन,
लालसोट तहसील अध्यक्ष, मंत्रीमंडल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डेयरी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए 5 लाख रुपये का गोपाल रत्न पुरस्कार

**जयपुर 25 अगस्त, 2025।** देश में पिछले कुछ सालों में दुग्ध उत्पादन बढ़ा है। दुग्ध उत्पादन क्षेत्र को और अधिक बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार हर वर्ष डेयरी किसानों, सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गभार्धान करने वाले तकनीशियन और दुग्ध उत्पादक कंपनियों को गोपाल रत्न पुरस्कार प्रदान करती है।
यह जानकारी देते हुए पशुपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने बताया कि गाय/भैंसों की प्रमाणित स्वदेशी नस्लों की डेयरी करने वाले किसानों, सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गभार्धान करने वाले तकनीशियन और सहकारी व दुग्ध उत्पादक कंपनियों को पशुपालन, मत्स्य और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के तहत प्रति वर्ष गोपाल रत्न पुरस्कार दिया जाता है। मंत्रालय द्वारा इस वर्ष भी गोपाल रत्न पुरस्कार के लिए 15 सितम्बर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

## परशुराम जी की तपस्थली को सिक्किम राज्यपाल ने किया नमन



**जयपुर/पाली, 25 अगस्त।** राजसमंद और पाली जिलों की सीमा पर अरावली पर्वत श्रृंखला में स्थित एक पवित्र गुफा मंदिर श्री परशुराम महादेव कुंड धाम का सोमवार को सिक्किम राज्यपाल श्री ओमप्रकाश माथुर व पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग, राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने दौरा किया। इस स्थल पर माननीय राज्यपाल व केबिनेट मंत्री ने समस्त देशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि हेतु प्रार्थना की। दोनों सम्मानित अतिथियों ने भगवान शिव के दर्शन कर परशुराम जी की तपस्थली को नमन किया। पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसादी भी वितरित की गई। इससे पहले केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने राज्यपाल श्री ओमप्रकाश माथुर की अगवानी की। उन्होंने माननीय राज्यपाल का गुलदस्ता भेंटकर, फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने इस पवित्र स्थल को न केवल आस्था का केंद्र, बल्कि आत्मचिंतन, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक ऊर्जा का स्त्रोत बताया। उन्होंने मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि राजस्थान की अरावली पर्वतमाला के मध्य में यह अनोखा परशुराम महादेव मंदिर है। माना जाता है कि त्रेता युग में परशुराम इस मंदिर में बनी गुफा के रास्ते से यहां आए थे। यहां बैठकर उन्होंने भगवान शिव की आराधना की और उन्हें प्रसन्न करके अमरत्व का वरदान व प्रसिद्ध फरसा सहित कई दिव्यास्त्र प्राप्त किए। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस मंदिर का निर्माण परशुराम ने इसी फरसे से एक बड़ी चट्टान को काटकर किया था।

# पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार व एक नाबालिग को किया निरुद्ध

**देश का दर्पण न्यूज**
पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर श्री करण शर्मा आईपीएस ने बताया कि जयपुर उत्तर के थाना क्षेत्र मे चोरी, नकबजनी, लूट तथा वाहन चोरी की वारदातो मे शामिल अपराधियों की धरपकड व गिरफ्तारी हेतु सभी थानाधिकारियो को सादा वस्त्रो मे विशेष निगरानी दल गठित कर सतत निगरानी व आसूचना संकलन हेतु निर्देशित किया था। इसी अनुक्रम मे थाना माणकचौक में गठित निगरानी दल द्वारा थाना माणकचौक के क्षेत्र में हुई नकबजनी की घटना का मौका मुआयना कर घटना के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे व अपराधियो के आने जाने के रास्तो पर निगरानी कर ईलाके में हुई नकबजनी के आस पासा के सीसीटीवी कैमरो को दिन-रात अथक प्रयास कर आसूचना संकलन कर वारदात करने वाले दो अभियुक्त को गिरफ्तार करने व एक नाबालिग को निरुद्ध करने में सफलता हासिल की है। दिनांक 22.08.2025 को थाना माणकचौक पर परिवादी श्री विशाल खंडेलवाल पुत्र श्री भगत बिहारी खंडेलवाल उम्र 47 साल साल निवासी 9/40 विधाधर नगर जयपुर ने दर्ज कराया कि मेरा आफिस म.न.



2102 चाकसू का चौक में स्थित है जिसमे ज्वैलरी मैनुफैक्चरिंग का काम होता है। हम दिनांक 20.08.2025 को रात करीब 10.00 बजे आफिस मंगल करक गए थे। दिनांक 21.08.2025 को सुबह आफिस आए तो आफिस की खिडकी टुटी हुई थी। अन्दर की तिजोरी को गैस कटर से काटने का प्रयास किया था लेकिन तिजौरी काटने में सफल नहीं हुए तथा चोर आफिस मे रखे कैमरे का ऊश्फएवं ड्डिस्त्र४३ी१ स्त्र४ तथा चाँदी का सामान जो आफिस मे रखा हुआ था को चोरी करके ले गए। आदि रिपोर्ट पर अभियोग दर्ज कर अनुसंधान व माल मुल्जिमान की तलाश शुरू की गई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम डा. दुर्ग सिंह राजपुरोहित, सहायक पुलिस आयुक्त माणकचौक श्री पीयुष कविया आरपीएस के निर्देशन मे व श्री धर्म सिंह थानाधिकारी पुलिस थाना माणकचौक जयपुर उत्तर के नेतृत्व में थाना माणकचौक से श्री सुरेश कुमार सउनि, श्री गिरधर सिंह कानि. 8123, श्री महेश कानि. 10719, श्री बिंद्र कानि. 12096 की टीम का गठन किया जाकर घटना स्थल के आस पास के सीसीटीवी फुटेज चैक कर आसुचना संकलन कर मुखबीर खास की सूचना पर नकबजनी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोर (1.) मनीष प्रजापत (2.) राहुल प्रजापत को गिरफ्तार करने एवं (3.) एक विधि से संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया जाकर प्रकरण हाजा का माल मशरुका को बरामद करने में सफलता हासिल की।

## करघनी थाना पुलिस की मोबाईल चोर गिरोह के खिलाफ बडी कार्यवाही

देश का दर्पण न्यूज
पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम श्री हनुमान प्रसाद ने बताया कि पिछले कुछ दिनो से सरणा डूंगर रीको एरिया के आसपास रहने वाले लोगो के कमरो से एवं निमार्णाधीन बिल्डिगो में काम कर रहे मजदूरो के मोबाईल हँडसेट चोरी होने की वारदाते जानकारी में आई थी। इस प्रकार की मोबाईल चोरी की वारदातो की रोकथाम के लिये श्री आलोक सिंघल अति० पुलिस उपायुक्त जयपुर के निर्देशन में एवं श्री सुरेन्द्र सिंह राणावत सहायक पुलिस आयुक्त झोटवाडा के सुपरवीजन में थानाधिकारी थाना करधनी श्री सवाई सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम के सदस्यो द्वारा मोबाईल हेंडसेट चोरी की वारदातो की रोकथाम के लिये सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये।



संदिग्धों के हुलिये के आधार पर तलाश की गई। टीम के सदस्यो ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुये सरणा डूंगर रीको एरिया के आसपास हो रही मोबाईल चोरी की घटनाओ में लिप्त 1. राहुल सिंह जादौन पुत्र जयसिह जाति राजपुत उम्र 22 साल निवासी डूमेली झिरी पुलिस थाना प्रतापगढ़ जिला अलवर हाल मकान न. 01 प्रिया नगर 1 राणी संती काटा के पास सरना डुगर पुलिस थाना करधनी 2 रोहित शर्मा उर्फ काना पुत्र कौशल शर्मा जाति बाहमण उम्र 27 साल निवासी गांव धनीपुर मण्डी ऐदन नगर कोलोनी गली न. 2 पुलिस थाना महुआ खंडी जिला अलीगढ उत्तरप्रदेश हाल किरायेदार विजय सिंह राजपुत का मकान रोहिणी विहार कोलोनी बावडी खोरा बिसल पुलिस थाना करधनी जयपुर पश्चिम को गिरफ्तार किया जाकर उनके कब्जे से अलग अलग स्थानो से चोरी किये गये 19 मोबाईल हँडसेट बरामद किये गये है। दोनो गिरफ्तारशुदा अभियुक्तो के खिलाफ पूर्व से चोरी/ नकबजनी के आपराधिक प्रकरण दर्ज है। मुलजिमो से पूछताछ जारी है।

## वाराणसी: मंडलायुक्त ने रोपवे परियोजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

### साप्ताहिक कार्य की सूची बनाने के निर्देश– सभी रोपवे स्टेशनों के निर्माण कार्य के लिए समय सीमा



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में निमार्णाधीन देश की पहली पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे परियोजना धीरे–धीरे अन्तिम दौर में पहुंच रही है। कैंट से गोदौलिया के बीच शुरू होने वाली रोपवे परियोजना के विभिन्न स्टेशनों का रविवार को मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने वाराणसी कैंट, विद्यापीठ, रथयात्रा, जीजी और जीसी सहित सभी रोपवे स्टेशनों का निरीक्षण किया और प्रत्येक के लिए विशिष्ट निर्देश दिए।
उन्होंने सबसे पहले वाराणसी कैंट स्टेशन स्थित परियोजना के पहले स्टेशन का निरीक्षण कर इसके अग्रभाग और आंतरिक परिष्करण कार्य को सितंबर के अंत तक पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यस्थल पर प्रतिदिन हाउसकीपिंग सुनिश्चित करने के साथ-साथ रेलवे विभाग और लोक निर्माण विभाग के सहयोग से यातायात संचलन योजना तैयार करने को कहा।
रोपवे के दूसरे स्टेशन विद्यापीठ में चल रहे कार्यो का अवलोकन करने के बाद शेष बचे कार्य सितंबर के अंत तक पूरा कर लेने का निर्देश दिया। इसी तरह तीसरे रथयात्रा स्टेशन का निरीक्षण कर शेष कार्य सितंबर के अंत तक पूरा करने को कहा। यहां भी लोक निर्माण विभाग, यातायात विभाग के साथ बैठक करके यातायात संचलन और संचलन योजना तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। गोदौलिया (जीजी) स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान गिरिजाघर पर हो रहे संरचनात्मक कार्यों की धीमी प्रगति पर उन्होंने यातायात विभाग को निर्देश दिया कि 28 अगस्त से रात 9 बजे से सुबह 9 बजे तक शिफ्टवार रोड ब्लॉक की व्यवस्था की जाए, ताकि 15 दिनों के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण किया जा सके। जीसी स्टेशन पर पाइलिंग कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई और साप्ताहिक कार्य योजना बनाने का निर्देश देते हुए अफसरों को नियमित व्यक्तिगत निरीक्षण करने को कहा।
कमिश्नर ने रोपवे परियोजना की समय-सीमा भी निर्धारित की। इसमें खंड 1 (वीसी - वाराणसी कैंट): 30 सितंबर 2025, खंड 2 (जीसी और जीजी): 12 दिसंबर 2025 तक का समय निर्धारित किया गया।

## सी.एस.टी. (क्राइम ब्रांच) आयुक्तालय जयपुर द्वारा थाना शास्त्रीनगर में ट्रैक्टर चोरी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही




**देश का दर्पण न्यूज**
पुलिस आयुक्त श्री बीजू जॉर्ज जोसफ के मार्गदर्शन में जयपुर शहर में वाहन चोरी व अन्य चोरी की बढती वारदातों को मध्यनजर रखते हुए अति. पुलिस आयुक्त (अपराध), श्री मनीष अग्रवाल के निदेशन में क्राइम ब्रांच की सीएसटी को आसूचना संकलित कर वाहन चोरों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु श्री अभिजीत सिंह, पुलिस उपायुक्त (अपराध) आयुक्तालय जयपुर एवं श्री रिछपाल सिंह, अति. पुलिस उपायुक्त, संगठित अपराध, आयुक्तालय जयपुर के निकट सुपरविजन में उ.र.ळ. आयुक्तालय जयपुर के नेतृत्व में टीम द्वारा वाहन चोरों के विरूद्ध आसूचना संकलन कर प्राप्त सूचनाओं पर थाना शास्त्रीनगर जयपुर (उत्तर) में कार्यवाही करते हुये ट्रैक्टर चोर पृथ्वीराज गुर्जर पुत्र रामधन गुर्जर को गिरफ?तार कर कब्जे से चोरी का 01 ट्रैक्टर मय ट्रॉली नम्बर फ्ख22–फ्ह–6131 को बरामद कर जब्त करने में सफलता अर्जित की गयी। उपरोक्त कार्यवाही के सम्बन्ध में पुलिस थाना शास्त्रीनगर जयपुर (उत्तर) में मुकदमा नम्बर 270/2025 धारा 303 (2) बीएनएस में
दर्ज अन्वेषण जारी है। उक्त कार्यवाही में सीएसटी से कानि. महेश खटाणा एवं जितेन्द्र मीणा की अहम भूमिका रही।

## हजारी प्रसाद पांडे के बलिदान को किया नमन

प्रयागराज। देश की आजादी में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी हजारी प्रसाद पांडे के शहादत दिवस पर आज सिविल लाइंस स्थित शहीद वॉल पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम चौधरी ने कहा कि प्रयागराज के शहीदों के बिना आजादी की गाथा पूरी नहीं होती। हमारा दायित्व है कि हम इन्हें आजाद भारत में सदैव याद रखें और सम्मान दें।

## नकबजनी के मामले में चोरी का माल खरीदने वाले 06 साल से फरार चल रहे 5000 रुपए के ईनामी व टॉप–10 अभियुक्त कमलेश को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती आदि जघन्य अपराधों में वांछित अपराधियों स्थायी वारण्टीयों, उद्घोषित अपराधियों, 335 बीएनएसएस में गिरफ्तारी वारण्टियों, ईनामी अपराधियों, सामान्य प्रकरणों में वांछित अपराधियों की अधिक से अधिक गिरफ्तारी व हार्डकोर अपराधियों को चैक करने व उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही करने हेतु जिले के समस्त अधिकारियों को अभियान चलाकर अधिक से अधिक ईनामी अपराधी, स्थायी वारण्टी व अन्य वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी कम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू श्री शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी दूदू श्री दीपक खण्डेलवाल के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी दूदू श्री मुकेश कुमार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस थाना दूदू के प्रकरण संख्या 88/2019 धारा 457,380,411 भादस में फरार वांछित 5000 रुपए के ईनामी व टॉप–10 आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

## मंदिर से चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**
श्री करन शर्मा, पुलिस उपायुक्त, जयपुर–उत्तर ने बताया कि दिनांक 20.08.2025 को थाना आमेर पर श्री औम प्रकाश सैनी पु. श्री दुर्गा लाल सैनी उम्र 38 वर्ष निवासी तेली बावडी की ढाणी ढाठर रोड आमेर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मै श्री बालाजी धाम हनुमान मंदिर मे पुजा पाठ करता हूँ। मै दिनांक 19/8/2025 को रात को 9 बजे से 915 बजे पर मै और आस पास के 3–4 लोग मंदिर को बंद करके अपने घर गये। जब मै सुबह मंदिर मे गया तो वहां पर मंदिर का गेट खुला हुआ था और ताला टूटा हुआ था। अन्दर देखने पर पता चला की अज्ञात चोर दान पात्र का ताला तोङ कर दान पात्र में रखे रुपए और सीसीटीवी कैमरा तोङकर ले गये। आदी पर मुकदमा नम्बर 248/25 धारा 331(2). 305(अ)इढर में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।



चोरी की घटना मन्दिर में होने की वजह से लोगो की आस्था से जुङा सवाल होने के कारण प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर–प्रथम डॉ. दुर्ग सिंह राजपुरोहित के निर्देशन में तथा श्री भोपाल सिंह भाटी सहायक पुलिस आयुक्त आमेर जयपुर उत्तर के सुपरविजन में श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना आमेर जयपुर उत्तर के नेतृत्व में श्री अमर सिंह एचसी 1658, श्री साबिर नकवी कानि. 5318, श्री मनीष कुमार कानि. 8906, श्री गिरधारी कानि. 9759. श्री रमेश कुमार कानि. 12313 की टीम गठित की गई। मन्दिर में चोरी हो जाने से लोगो का आस्था का केन्द्र होने कारण प्रकरण की गम्भीरता को समझते हुये गठित टीम द्वारा चालानशुदा मुल्जिमो से पूछताछ की गई एंव तरीका वारदात के आधार पर घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किये गये। टीम द्वारा स्मार्ट पुलिसिंग एंव आसूचना संकलित करते हुए वांछित मुल्जिमान को गिरफ्तार किया जाकर गिरफ्तारशुदा मुल्जिम से चोरी किया गया दान पात्र को बरामद किया गया।

## पुलिस थाना आमेर जयपुर उत्तर की बड़ी कार्यवाही विगत 22 माह से गुमशुदा नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब

**देश का दर्पण न्यूज**
श्री करन शर्मा,पुलिस उपायुक्त, जयपुर–उत्तर ने बताया कि दिनांक 02–10–2023 को थाना आमेर पर श्री समरुराम जाति रोहिदास पुत्र श्री मनबोध जाति रोहिदास निवासी ग्राम देवरधरा थाना शिकरीनारायण जिला जांजगीर छतीसगढ हाल नि. फैक्ट्री इंडिया खोरा मीणा आमेर जयपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरी लङकी उम्र 16 साल जो दिनाक 27–9–2023 दिन मे घर से फैक्ट्री खोरा मीणा से लापता है। हमने आसपास काफी तलाश किया व हमारे रिश्तेदारो व जानकारो को जरिये फोन से भी मालूम किया तो मेरी लङकी नही मिली बाद मे पता चला कि मेरी बेटी को सोनू नाम का लङका जो बिहार का रहने वाला है। जिसका भाई ठेकेदार संजय जो यहां और कोटा में ठेकेदारी करता है। वो लङकी को शादी करने के लिये बहला फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गया। जिसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करे व मेरी लङकी को सोनू से बरामद कर मुझे वापिस दिलवाया जावे। जिस पर मुकदमा नम्बर 420/23 धारा 363,366 आईपीसी मे दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर–प्रथम डॉ. दुर्ग सिंह राजपुरोहित के निर्देशन में तथा श्री भोपाल सिंह भाटी सहायक पुलिस आयुक्त आमेर जयपुर उत्तर के सुपरविजन में श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना आमेर जयपुर उत्तर के नेतृत्व में श्री रामकिशन स.उ.नि.. श्री विनोद कुमार एचसी 952, श्री मनीष कुमार कानि. 8906, श्री गिरधारी लाल कानि. 9759, श्री जितेन्द्र सिंह कानि. 9904, श्री रमेश कुमार कानि. 12313, श्रीमती पिंकी महिला कानि. 11119 की टीम गठित की गई।गठित टीम द्वारा विगत 22 माह से गुमशुदा नाबालिग बालिका के द्वारा एंव आरोपी सोनू मूखिया द्वारा किसी भी प्रकार का मोबाईल उपकरण उयोग मे नही लाने की वजह से दस्तयाबी के हर सम्भव प्रयास किये जाने के उपरान्त भी सफलता प्राप्त नही होने पर तफ्तीश की दिशा को बदलते हुये सोनू मूखीया के बड़े भाई संजय द्वारा उपयोग मे लिये जा रहे नम्बरो की सीडीआर प्राप्त कर विशलेषण कर सोनू मूखीया को लुधियाना, पंजाब से दस्तयाब कर बाद पूछताछ उसके विरूद्ध अपराध धारा पाये जाने पर 376 (2) (एन), 363,366 ए,344 आईपीसी व 5 (एल)/6 पोक्सो एक्ट साबित होने पर जयपुर में मुकदमा हाजा में गिरफ्तार कर नाबलिग बालिका को दस्तयाब कर विगत 22 माह से घर से गायब नाबलिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द कर बडी सफलता अचीव की गई।



## आठ वर्षीय मासूम से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपित गिरफ्तार

**हाथरस।** कोतवाली क्षेत्र में एक आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। घटना शाम 5 बजे की है। बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। आरोपी, जो गांव में किराना दुकान चलाता है, बच्ची को टॉफी का लालच देकर अपनी दुकान में ले गया। वहां उसने बच्ची के कपड़े उतारने का प्रयास किया। बच्ची ने घटना की जानकारी

# वाराणसी में अगस्त माह में 10 वर्षों की रिकॉर्ड वर्षा, औसतन 333.10 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

## धान की फसल के लिए संजीवनी, किसानों को दी गई खास सलाह

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में इस बार अगस्त माह में अब तक औसतन 333.10 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले दस वर्षों में सबसे अधिक है। यह बारिश धान की फसल के लिए बेहद लाभकारी मानी जा रही है। जिले में धान की खेती करने वाले किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है, क्योंकि भरपूर वर्षा के कारण फसल की बढ़वार बेहद अच्छी हो रही है।
जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि अधिक वर्षा से जहां धान की खेती को संजीवनी मिली है, वहीं किसानों को अब अतिरिक्त सावधानी बरतने की भी आवश्यकता है। उन्होंने चेताया कि अधिक वर्षा और नमी के कारण फसल में कीट एवं रोगों का प्रकोप बढ़ सकता है।

**–यूरिया का प्रयोग अब न करें – कृषि अधिकारी की चेतावनी**
कृषि अधिकारी ने विशेष रूप से उन किसानों को सलाह दी है, जिन्होंने यूरिया का टॉप ड्रेसिंग के रूप में दो बार प्रयोग कर लिया है, वे अब किसी भी स्थिति में यूरिया का दोबारा प्रयोग न करें। अधिक यूरिया से फसल की वानस्पतिक वृद्धि तो होती है, लेकिन तना और पत्तियां मुलायम हो जाती हैं, जिससे फसल में कीट और रोग तेजी से फैल सकते हैं।

**–सब्जी की खेती करने वाले किसान रहें सतर्क**
फूलगोभी, बैंगन, मिर्च, टमाटर और कद्दू वर्गीय फसलों जैसे – खीरा, लौकी, नेनुआ, करेला आदि की खेती करने वाले किसानों को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है। लगातार बारिश के कारण खेतों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में जल निकासी की तत्काल व्यवस्था करना जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि जिन किसानों ने अभी हाल में इन सब्जियों की नर्सरी तैयार की है, उन्हें तना सड़न (डैम्पिंग ऑफ) जैसी बीमारियों का खतरा अधिक है। इससे बचाव के लिए फफूंदनाशी दवाओं का छिड़काव करना आवश्यक है।



**–उर्वरक की उपलब्धता पर्याप्त, लेकिन प्रयोग सीमित रखें**
जिले में यूरिया सहित अन्य रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है। किसान पोस मशीन से अंगूठा लगाकर अपनी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक खरीद सकते हैं। हालांकि कृषि अधिकारी ने यह भी चेताया कि अनावश्यक रूप से उर्वरकों का अधिक प्रयोग न केवल मिट्टी और पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि इससे खेती की लागत भी बढ़ती है।

**–बारिश ने तोड़ा चार दशक पुराना रिकॉर्ड**
गौरतलब है कि पिछले तीन दिनों से वाराणसी सहित पूरे पूर्वांचल में रुक-रुक कर भारी बारिश हो रही है। बीते 24 घंटों में शनिवार सुबह तक 161.8 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार, अगस्त में इससे अधिक वर्षा सिर्फ 1987 में हुई थी, जब 165 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। यानी इस वर्ष अगस्त की दूसरी सर्वाधिक वर्षा शनिवार को हुई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 25 अगस्त तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश की भी संभावना जताई गई है।

# बाईस वर्षों बाद शिक्षिका को जगी न्याय की आस, प्रबंधक पर मुकदमा दर्ज

## दो तदर्थ अध्यापिकाओं पर लगाया अनुचित वित्तीय लाभ लेते रहने का आरोप--शिकायत करने वाली शिक्षिका का विद्यालय प्रबंधक कर रहे उत्पीड़न, दी फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी, प्रशासन से सुरक्षा की गुहार

**झांसी।** कानून के रामराज्य में भी लचर प्रशासनिक व्यवस्था के कारण आमजन को कितना दंश झेलना पड़ता है, इसका उदाहरण लोकमान्य तिलक कन्या इंटर कॉलेज की अध्यापिका अंजू गुप्ता ने कई प्रमाण पेश करते हुए बताया।
लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज प्रबंधन द्वारा दो तदर्थ अध्यापिकाओं को 22 वर्षों तक स्थायी दिखाकर अनुचित वित्तीय लाभ दिलाए जाते रहे, लेकिन इस पर कोई जांच नहीं की गई। इस संबंध में की गई शिकायत का निस्तारण बिना किसी जांच के किया जाता रहा। इस बारे में जन सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई सूचना में भी विद्यालय द्वारा अध्यापिकाओं की तदर्थ नियुक्ति की बात छुपाने का प्रयास किया गया। यही नहीं पीड़िता ने प्रबंधक राकेश पाठक पर उत्पीड़न व अश्लीलता करने का आरोप लगाया। इस पर कोतवाली पुलिस ने बीते रोज मुकदमा दर्ज कर लिया है।
उन्होंने बताया कि पहली बार जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष 11 जून 2020 को विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्या ने माना कि विद्यालय में कार्यरत तदर्थ अध्यापिकाओं का अभी तक विनियमितिकरण नहीं हुआ है। इसके बाद अंजू गुप्ता की शिकायत पर संयुक्त शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की गई जांच में यह तथ्य सामने आया कि विद्यालय द्वारा तथ्य गोपन करके तदर्थ



अध्यापिकाओं को स्थायी दिखाकर उनको चयन वेतनमान, पदोन्नति के लाभ दिलाए गए थे।उन्होंने तदर्थ अध्यापिकाओं का चयन वेतनमान एवं पदोन्नति निरस्त कर उनके द्वारा लिए गए वेतन की रिकवरी के आदेश 04 सितम्बर 2020 को दिए थे। लेकिन विद्यालय प्रबंधक द्वारा तथ्य गोपन किए जाने पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी, उल्टे विद्यालय प्रबंधक ने शिकायतकर्ता अंजू गुप्ता को ही प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। अंजू गुप्ता के साथ विद्यालय में अभद्रता के साथ ही विद्यालय में सोशल बहिष्कार करवा दिया गया।
विद्यालय द्वारा किसी भी शासनादेश का पालन नहीं किये जाने से अंजू गुप्ता की वरिष्ठता एवं पदोन्नति से वंचित रखा गया, की गयी शिकायतों का निस्तारण भी जांच किए बिना किया जाता रहा। जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशों का पालन भी विद्यालय द्वारा नहीं किया गया और न ही कोई कार्रवाई की गयी। 25 जुलाई 2025 को विद्यालय प्रबंधक द्वारा प्रबंध समिति के समक्ष अंजू गुप्ता को धक्का देकर प्रधानाचार्या कक्ष से बाहर निकाल दिया। यह घटना सीसीवीटी कैमरे में कैद हो गई। अंजू गुप्ता द्वारा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई जिसकी जांच में पाया गया कि प्रबंधक द्वारा सीसीटीवी कैमरे की हार्डडिस्क गायब करवा दी, जिससे अभद्रता के फुटेज नहीं मिल सके।

## कर्मचारी चयन आयोग के खिलाफ अभ्यर्थियों-शिक्षकों का दिल्ली में प्रदर्शन

एजेंसी
**नई दिल्ली।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के खिलाफ छात्र महाआंदोलन के बैनर तले हजारों छात्र और शिक्षक दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रदर्शन कर रहे हैं। अभ्यर्थियों का यह प्रदर्शन एसएससी परीक्षा में गड़बड़ियों को लेकर हो रहा है। देश के सभी राज्यों से अभ्यर्थी आएं हैं। अगस्त के पहले सप्ताह में भी जंतर-मंतर पर एसएससी के खिलाफ शिक्षकों ने प्रदर्शन किया था। पुलिस अधिकारी के अनुसार, रामलीला मैदान के पास करीब 1500 प्रदर्शनकारी एकत्र हुए। जिनमें से लगभग 100 ने कई अनुरोधों और सूचनाओं के बावजूद अनुमत समय के बाद जाने से इनकार कर दिया। उनमें से 44 को हिरासत में ले लिया गया।

## बिजवासन में मासूम से दरिंदगी, आरोपित मौके पर पकड़ा गया

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले के कपासहेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिजवासन गांव में डेढ़ साल की मासूम बच्ची के साथ पड़ोसी युवक ने हैवानियत की। सूचना के मुताबिक, बच्ची की मां (24) ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब नौ बजे उनका पड़ोसी और सह-किरायेदार सुधीर उर्फ बिट्टू उनकी डेढ़ साल की बेटी को अपने कमरे में ले गया। कुछ देर बाद कमरे से मासूम के रोने की आवाजें आने लगीं। जब कमरे का दरवाजा खोला गया तो बच्ची बिना निचले कपड़ों के खून से लथपथ हालत में मिली। आरोपित सुधीर उस वक्त नशे की हालत में था। लोगों ने मौके पर ही उसे दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि बच्ची को तुरंत अस्पताल भेजा गया। जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। घटनास्थल पर क्राइम टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म और पॉस्को एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## अर्बन एक्सटेंशन रोड 2 पर कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**नई दिल्ली।** द्वारका इलाके में अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 पर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी।हादसा उस वक्त हुआ जब गलत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही बाइक की कार से जोरदार टक्कर हो गई। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि सड़क हादसे में मारे गए व्यक्ति की पहचान सुमित (39) के रूप में हुई है। कार में सवार गाड़ी मालिक ही उनको अस्पताल लेकर गए थे। पुलिस ने कार चालक महेंद्र सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना नजफगढ़ से गुरुग्राम जा रहे अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 पर यशोभूमि कट के पास बीती देर रात हुई। वसंत विहार निवासी बलदेव सिंह अपने बेटे जसप्रीत के साथ बहादुरगढ़ से घर लौट रहे थे। कार उनका ड्राइवर महेंद्र सिंह चला रहा था। यशोभूमि कट के पास अचानक सामने से आ रही बाइक उनकी कार से टकरा गई। दुर्घटना में घायल होकर बाइक सवार सुमित सड़क रा गिरा। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए कार मालिक बलदेव सिंह चालक की मदद से इंदिरा गांधी अस्पताल लेकर गए। जहां के डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक तथा कार कब्जे में ले लिया है। मौके पर मिले कार मालिक के बेटे जसप्रीत ने पुल्स को पूरी घटना बताई। इसके बाद पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचे। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान छावला निवासी सुमित के रूप में हुई। पुलिस ने सुमित के परिजनों को दुर्घटना की सूचना देकर कार चालक महेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, पति और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के छावला इलाके के बडू सराय गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकने से मौत हो गई। मृतका की पहचान कोमल उर्फ वर्षा के रूप में हुई है। इस साल अप्रैल में ही उसकी शादी हुई थी। पुलिस ने महिला के पिता के बयान पर उसके पति व ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घुम्मनहेड़ा गांव निवासी दिनेश पेशे से इलेक्ट्रीशियन हैं। उन्होंने अपनी बेटी कोमल उर्फ वर्षाआा विवाह 16 अप्रैल 2025 को बडू सराय गांव निवासी अमन के साथ की थी। 21 अगस्त को उनकी बेटी के ससुर रविंद्र ने फोन कर सूचना दी कि कोमल ने फांसी लगा ली है। वह अस्पताल पहुंचे, तो बेटी की मौत हो चुकी थी। पुलिसकर्मियों ने उनकी बेटी को अस्पताल पहुंचाया था। उप प्रभागीय न्यायाधीश (एसडीएम) के समक्ष दिए गए बयान में दिनेश ने कहा कि उनकी बेटी को ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। कुछ समय पूर्व जब वह बेटी से मिलने गए थे, तो उसने बताया था कि ससुराल में उसे काफी तंग किया जाता है। वहीं पुलिस अधिकारी का कहना है कि उक्त मामले में 23 अगस्त को ही प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है।मामले की जांच जारी है।

**21 अगस्त को उनकी बेटी के ससुर रविंद्र ने फोन कर सूचना दी कि कोमल ने फांसी लगा ली है। वह अस्पताल पहुंचे, तो बेटी की मौत हो चुकी थी।**

## प्रभु राम ने दिल्ली को रामराज्य के मार्ग पर आगे बढ़ाने की दी जिम्मेदारी : रेखा गुप्ता

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि रामलीलाएं केवल धार्मिक आयोजन नहीं हैं, अपितु इसका हर चरित्र हमें जीवन जीने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री के अनुसार रामराज्य की स्थापना का अर्थ है न्यायपूर्ण, पारदर्शी और जनता के हित में शासन। इसके लिए आसुरी शक्तियों से टकराना ही पड़ता है। उन्हें प्रभु राम ने यह जिम्मेदारी दी है कि दिल्ली को रामराज्य के मार्ग पर आगे बढ़ाऊं। मुख्यमंत्री ने यह विचार आज शालीमार बाग की दो रामलीलाओं (ए और बी ब्लॉक) के भूमि पूजन कार्यक्रम में व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन में प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद के लिए कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि प्रभु राम सदैव उन्हें शक्ति और साहस प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री ने हाल ही में उन पर हुए हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रभु राम का आशीर्वाद और आप सभी का स्नेह मुझे हमेशा सुरक्षित




और मजबूत बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि इसका हर चरित्र हमें जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि रामलीलाओं में हम हर वर्ष जब-जब भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण या माता कैकयी जैसे पात्रों की कथा देखते हैं तो उनसे जीवन के अलग-अलग दायित्वों को निभाने की सीख मिलती है। यही कारण है कि सदियों से देशभर में हजारों रामलीलाएं आयोजित हो रही हैं, ताकि हम अपने जीवन को बेहतर दिशा दे सकें।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु राम का आशीर्वाद और दिल्ली की जनता का सहयोग सदैव मेरे साथ रहा है। और यही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। इस भूमि पूजन के साथ ही हम सब मिलकर संकल्प लें कि रामराज्य की परिकल्पना को साकार करेंगे और दिल्ली को प्रेम, शांति और समृद्धि के मार्ग पर आगे ले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष की रामलीलाएं पहले से अधिक भव्य और आकर्षक होंगी, क्योंकि मंचन के लिए होने वाली बाधाओं को दूर कर दिया गया है। पहली बार मंचन के लिए सारी अनुमतियों के लिए जिला स्तर पर डीएम की अगुवाई में सिंगल विंडो सिस्टम बनाया गया। रामलीला मंचन के लिए भूमि की सिक्योरिटी राशि को 20 रुपये वर्गमीटर से घटाकर 15 रुपये वर्गमीटर की गई। एक बड़ा निर्णय यह भी लिया गया है ।

## सीएम रेखा गुप्ता हमले मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, हमलावर के दोस्त को किया गिरफ्तार

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। इस मामले में पुलिस ने हमलावर के दोस्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हमलावर राजेश के दोस्त तहसीन को राजकोट से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, इस घटना के दौरान तहसीन लगातार अपने दोस्त राजेश के संपर्क में था। राजकोट से आरोपी के दोस्त ने उसकी सहायता करने के लिए पैसे भिजवाए थे।

पुलिस के मुताबिक, मुख्यमंत्री आवास पर जाने से पहले राजेश सुप्रीम कोर्ट भी गया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए वह वापस शालीमार बाग मुख्यमंत्री आवास पहुंचा। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री पर चाकू से हमला करने की साजिश थी, लेकिन सुरक्षा को देखते हुए सिविल लाइन इलाके में ही आरोपी ने चाकू फेंक दिया था। पुलिस आरोपी के दोस्त से भी लगातार पूछताछ कर रही है। पुलिस हमले के मकसद का पता लगाने के लिए आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या राजेश खिमजी का किसी संगठन से कोई संबंध था या उसने किसी की मदद से अपना रूट प्लान किया था।

वहीं, दिल्ली पुलिस को एक बार फिर सीएम रेखा गुप्ता की सुरक्षा की जिम्मेदारी मिली। मुख्यमंत्री पर हमले के बाद सीएम रेखा गुप्ता के नजदीकी घेरे में सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआरपीएफ को सौंप दी गई थी। अब फिर से मुख्यमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री के नजदीकी घेरे तक की सुरक्षा दिल्ली पुलिस को दे दी गई है। पुलिस के मुताबिक, दिल्ली पुलिस को सुरक्षाकर्मियों की संख्या में इजाफा करने के लिए कहा गया है।

## सैनिकों के सम्मान में सहकारी संस्थाएं स्थापना करेंगी ब्लड बैंक : मंत्री रविंद्र इंद्राज

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य से हर भारतीय गौरवान्वित है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के सम्मान में दिल्ली की सहकारी संस्थाएं एक ब्लड बैंक की भी स्थापना करेंगी। इससे दिल्ली वासियों को भी लाभ होगा और किसी भी आपात स्थिति में रक्त की उपलब्धता भी रहेगी। सहकारिता मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष एवं फेडरेशन ऑफ ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज द्वारका के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता की। मंत्री रविंद्र इंद्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के सहकारिता से समृद्धि लक्ष्य की दिशा में दिल्ली को सहकारिता के क्षेत्र में पूरे देश के लिए आदर्श मॉडल बनाएंगे। सहकारिता ही ऐसा माध्यम है, जो हर वंचित वर्ग को जोड़कर उसे समृद्ध बना सकता है। कैबिनेट मंत्री ने सोसायटियों के अध्यक्षों, सचिवों और सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि सहकारिता केवल



वित्तीय व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक समृद्धि और आत्मनिर्भरता का सशक्त साधन है। सहकारिता मंत्री ने बताया कि दिल्ली में लगभग हदो हजार ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोसायटी में कोऑपरेटिव स्टोर स्थापित किए जाएंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। इससे दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों के उत्पादों को भी बढ़ावा मिलेगा। सहकारिता से छोटे-छोटे व्यवसाय करने वाले परिवारों को भी नए अवसर मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली कोऑपरेटिव हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन सस्ते लोन देकर लोगों के घर का सपना साकार करता है। इन विभागों को जनहित में और सशक्त किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद कमलजीत सहरावत, विधायक कुलदीप सोलंकी,संदीप सहरावत, आरसीएस कृष्ण कुमार सिंह और पार्षद राम निवास गहलोत उपस्थित रहे।

## पांच करोड़ की हेरोइन के साथ दो महिला आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पांच करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ नशे के कारोबार में लिप्त दो महिलओं को गिरफ्तार भी किया है।दिल्ली पुलिस ने सप्लाई चेन का पर्दाफाश करते हुए नंद नगरी से महिला तस्कर सीमा और उसकी रिश्तेदार/सहयोगी समीता को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से 1,049 ग्राम हेरोइन, एक स्कूटी, 22,900 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) यूनिट की टीम को सूचना मिली थी कि उत्तर पूर्वी जिले के इलाकों में मादक पदार्थों की बड़ी खेप सप्लाई की जा रही है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने 22 अगस्त को जीटीबी अस्पताल के पास जाल बिछाया और डी ब्लॉक, झुग्गी नंद नगरी इलाके में बात करने आई सीमा और समीता को गिरफ्त में लिया। वे एक नीली स्कूटी एक्टिवा पर सवार थीं, तड़ीपार किया था। सीमा नंद नगरी और शाहबाद डेयरी थानों में दर्ज दो मादक पदार्थों मामलों में वांछित चल रही थी। वहीं, पुलिस की पकड़ में आई 43



जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया। पुलिस जांच में पता चला है कि 54 वर्षीय सीमा पिछले 25 साल से नशे के कारोबार में सक्रिय है। उसके खिलाफ 10 मादक पदार्थों और 30 आबकारी एक्ट के मामले दर्ज हैं। सीमा के परिवार के कई सदस्य, जिनमें उसके दो बेटे भी शामिल हैं, इस धंधे में सक्रिय हैं। पुलिस ने उसे पहले भी वर्षीय समीता सीमा की भाभी है। वह कस्तूरबा नगर की रहने वाल है। उसके खिलाफ तीन आबकारी अधिनियम (एक्ट) और एक मादक पदार्थ एक्ट का मामला दर्ज है। पुलिस अधिकारी के अनुसार गिरोह दिल्ली-एनसीआर से हेरोइन मंगवाकर उत्तर पूर्वी दिल्ली, खासकर नंद नगरी इलाके में सप्लाई करता था।

## रक्षा मंत्री ने चारों गगन यात्रियों को बताया भारत की आकांक्षाओं का अग्रदूत

एजेंसी
**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान इसरो के पहले अंतरिक्ष उड़ान मिशन 'गगनयान' का हिस्सा बनने वाले वायु सेना के चारों ग्रुप कैप्टन को सम्मानित किया।रक्षा मंत्री ने चारों गगन यात्रियों को देश के रत्न और राष्ट्रीय आकांक्षाओं का अग्रदूत बताया।? उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष को केवल अनुसंधान के क्षेत्र के रूप में नहीं बल्कि कल की अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, ऊर्जा और मानवता के भविष्य के रूप में देखता है। रक्षा मंत्री ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन पीबी नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप को सम्मानित करने के बाद अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती उपस्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम पृथ्वी की सतह से आगे अंतरिक्ष की नई सीमाओं की ओर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। हम चंद्रमा से लेकर मंगल तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं और आज हमारा देश गगनयान जैसे



मिशनों के लिए पूरी तरह तैयार है। रक्षा मंत्री ने इस उपलब्धि को केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की ओर एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की अग्रणी अंतरिक्ष शक्तियों में गर्व से ऊंचा स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष कार्यक्रम केवल प्रयोगशालाओं और प्रक्षेपण यान तक ही सीमित नहीं है। यह हमारी राष्ट्रीय आकांक्षाओं और वैश्विक दृष्टिकोण का प्रतिबिंब है। चंद्रयान से लेकर मंगलयान तक हमने यह प्रदर्शित किया है कि सीमित संसाधनों के साथ भी असीमित इच्छाशक्ति सबसे चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को उल्लेखनीय उपलब्धियों में बदल सकती है। राजनाथ सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अंतरिक्ष यात्रा में पीछे नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अंतरिक्ष खनन, गहन अंतरिक्ष अन्वेषण और ग्रहीय संसाधन मानव सभ्यता की दिशा को पुनर्परिभाषित करेंगे। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि दुनिया एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुकी है?, जहां अंतरिक्ष अब केवल सैन्य शक्ति या तकनीकी कौशल का प्रतीक नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की सामूहिक यात्रा में एक नया पड़ाव है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा दुनिया को 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश दिया है और आज हमारे वैज्ञानिक और अंतरिक्ष यात्री इसी संदेश को नइ ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। सफल अंतरिक्ष मिशन के लिए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के दृढ़ संकल्प और साहस पर उन्होंने कहा कि ढाई साल का प्रशिक्षण मात्र ढाई महीने में पूरा करना उनकी असाधारण उपलब्धि, व्यक्तिगत समर्पण और भारतीय जनता की दृढ़ता का प्रतीक है।

## दो गुटों में हुई चाकूबाजी, एक की मौत, दो घायल

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिल्ली में बाहरी-उत्तरी जिले के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में शाम दो गुटों में हुई चाकूबाज की घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उक्त मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। तीसरा आरोपित फरार है, जिसकी तलाश जारी है।बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस के अनुसार, 23 अगस्त की शाम सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) शंकर गश्त पर थे। तभी उन्हें ए ब्लॉक, जे.जे. कॉलोनी बवाना में झगड़े और चाकूबाजी की सूचना मिली। स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची तो पता चला कि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने 29 वर्षीय नियाज़ को मृत घोषित कर दिया, जबकि 20 वर्षीय तोसिन और 34 वर्षीय निहाल की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल (एलएनजेपी) रेफर कर दिया गया। घटना के बाद नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाना पुलिस ने हत्या व हत्या की कोशिश समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान तोशिफ और अरु के रूप में हुई है। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में यह खुलासा हुआ है कि घटना आपसी रंजिश के चलते हुई। मृतक और आरोपितों के बीच पहले से विवाद चल रहा था।फिलहाल तीसरे आरोपित की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली को सीतारमण, धर्मेंद्र प्रधान और रेखा गुप्ता ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत अन्य नेताओं ने 'अरुण जेटली पार्क' में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर भाजपा सांसद रामवीर सिंह विधूड़ी, बांसुरी स्वराज तथा दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) अध्यक्ष रोहन जेटली सपरिवार उपस्थित रहे।दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि विधि के क्षेत्र से लेकर संसद के सर्वोच्च मंच तक अरुण जेटली की अद्वितीय प्रतिभा, गहन विचारशीलता और जनसेवा के प्रति उनका समर्पण सदैव अनुकरणीय रहेगा। उनकी प्रखर वाणी, स्पष्ट दृष्टिकोण और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी दूरदर्शिता, सिद्धांत और विचारधारा सदैव हमें जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण के पथ पर



मार्गदर्शित करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्र जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले अरुण जेटली ने आपातकाल के दौर में लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने संगठन से लेकर संसद तक अपनी असाधारण नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे ऐतिहासिक सुधार को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अरुण जेटली का सरल व्यक्तित्व, दूरदृष्टि और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण हम सभी को सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

## गोपेन्द्र नाथ भट्ट को मिला उन्नत भारत सेवाश्री अवार्ड

**नई दिल्ली।** राजस्थान विधानसभाध्यक्ष के मीडिया सलाहकार गोपेन्द्र नाथ भट्ट को मीडिया और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब के स्पीकर हॉल में आयोजित एक समारोह में उन्नत भारत सेवाश्री अवार्ड-2025 प्रदान किया गया। पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित वयोवृद्ध विजय चौपड़ा और अन्य मंचासीन अतिथियों ने भट्ट को यह सम्मान प्रदान किया । समारोह का आयोजन माता मंतारी देवी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया था। उन्नत भारत सेवाश्री अवॉर्ड का यह पच्चीसवाँ संस्करण था। इन अवॉर्ड और पुरस्कार समारोह की स्थापना स्वर्गीय भारत प्रेम ने की थी और इस परम्परा को उनकी पत्नी डॉ सुषमा नाथ और पुत्र अखिल नाथ आगे बढ़ा रहें है । समारोह में विद्यागिरी जी महाराज ,कैलाश गंभीर,डॉ सुषमा नाथ,डॉ सुनील एम रहेजा,गिरीश चंद्र शर्मा , आरुष चौपड़ा,अखिल नाथ और डॉ आर के सिंहा सहित अन्य कई विशिष्ट जन उपस्थित थे ।

## भारतीय लोकतंत्र आयातित नहीं, बल्कि हमारी परंपराओं और महाकाव्यों में निहित है : हरिवंश

एजेंसी
**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र किसी अन्य देश से आयातित नहीं, बल्कि हमारी परंपराओं, महाकाव्यों और दार्शनिक विचारधारा में निहित है, जहां सदा धर्म और नैतिकता ने सत्ता का मार्गदर्शन किया। उन्होंने इन शब्दों के साथ आज ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के द्वितीय सत्र को संबोधित किया। सत्र का विषय 'भारत - मदर ऑफ डेमोक्रेसी' था, जो केंद्रीय विधानसभा के प्रथम भारतीय अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल के 1925 के निर्वाचन की शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट भी उपस्थित रहे।

हरिवंश ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक परंपरा हजारों वर्षों पुरानी है। उन्होंने उल्लेख किया कि ऋग्वेद से ही सभा और समिति जैसी सामूहिक विमर्श की संस्थाओं का उल्लेख मिलता है। रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों में नेतृत्व का संबंध त्याग, नैतिकता और प्रजाजन के प्रति जिम्मेदारी से जोड़ा



गया है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी चिंतकों ने राजनीति को नैतिकता से अलग किया, जबकि भारतीय चिंतन में धर्म और शासन हमेशा साथ रहे। उन्होंने कौटिल्य के अर्थशास्त्र का हवाला देते हुए कहा कि 'राजा का सुख प्रजा के सुख में है,' और इसे मैकियावेली के उस विचार से अलग बताया कि शासक के लिए भयभीत करना प्रिय होने से अधिक महत्त्वपूर्ण है। उपसभापति ने कहा कि लोकतंत्र केवल ग्रंथों में ही नहीं बल्कि भारत के सामाजिक जीवन और संस्थानों में भी दृष्टिगोचर होता है - ग्राम पंचायतों, बौद्ध संघों, गणराज्यों से लेकर भक्ति और सूफी आंदोलनों तक। उन्होंने कहा कि गांधीजी स्वयं कहते थे 'हम लोकतांत्रिक संस्कृति के लोग हैं' और डॉ. आंबेडकर ने 'शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो' का आह्वान कर इसी परंपरा को आगे बढ़ाया। उन्होंने अब्राहम लिंकन के प्रसिद्ध कथन 'लोक के लिए, लोक द्वारा, लोक की सरकार' को कौटिल्य के शाश्वत सूत्र से जोड़ा, जिसमें कहा गया है कि राजा का अस्तित्व प्रजा से अलग नहीं है। उन्होंने कहा कि इस परंपरा का आधुनिक रूप 1925 में तब सामने आया जब विट्ठलभाई पटेल केंद्रीय विधान सभा के पहले भारतीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसने न केवल सरकार के उम्मीदवार को पराजित किया बल्कि अध्यक्ष पद की स्वतंत्रता और गरिमा की परंपरा स्थापित की। सिंह ने याद दिलाया कि यह सदन महात्मा गांधी, लाला लाजपत राय, बिपिन चंद्र पाल, पं. मोतीलाल नेहरू, महामना मालवीय जैसे नेताओं की आवाजों का साक्षी रहा है, जिनकी वाणी ने रोलेट एक्ट के विरुद्ध संघर्ष से लेकर असहयोग और सविनय अवज्ञा जैसे आंदोलनों को जन्म दिया। हरिवंश ने कहा कि यह विधानसभा उन महान नेताओं की वाणी से गूंजी है जिन्होंने भारत की नियति गढ़ी। उनके स्वप्न को आगे बढ़ाना केवल हमारी जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि हमारा पवित्र कर्तव्य है।

## स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय योगदान देने वालों की विरासत को समेटे हुए है दिल्ली विधानसभा : गजेंद्र शेखावत

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि दिल्ली विधानसभा का प्रत्येक पत्थर उन महान आत्माओं की विरासत समेटे हुए है, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय योगदान दिया। यह बातें उन्होंने आज स्वतंत्रता-पूर्व केंद्रीय विधानमंडलों के राष्ट्रवादी नेताओं की स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक सुधारों में भूमिका विषय पर दिल्ली विधानसभा में आयोजित ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता एवं उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट उपस्थित रहे। दिल्ली विधानसभा में आयोजित ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए गजेंद्र सिंह शेखावत ने विधानसभा कक्ष की तुलना सैकड़ों वर्ष पुराने मंदिर से करते हुए कहा कि यह सदन उन नेताओं के साहस, बलिदान और नैतिक शक्ति का सजीव साक्षी है, जिन्होंने कठिनतम परिस्थितियों में पूरे देश में स्वतंत्रता की ज्योत जलाने का कार्य किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस सदन का प्रत्येक पत्थर उन महान आत्माओं की विरासत समेटे हुए है, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय योगदान दिया। भारत की प्राचीन लोकतांत्रिक परंपराओं का उल्लेख करते हुए शेखावत ने वैदिक काल से चली आ रही सभा और समिति जैसी संस्थाओं, मौर्य और गुप्त काल के जन-केंद्रित शासन तथा रामायण, महाभारत और अशोक के शिलालेखों में निहित लोकतांत्रिक भाव को रेखांकित किया। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2021 में संयुक्त राष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को ÷लोकतंत्र की जननी घोषित किया था। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने 1925 में विट्ठलभाई पटेल के केंद्रीय विधान सभा के पहले भारतीय अध्यक्ष चुने जाने के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उनके अमूल्य योगदान पर विशेष सत्र आयोजित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पटेल और उनके समकालीन नेताओं ने कठिनतम परिस्थितियों में भी इस सदन को स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा का मंच बनाया। उन्होंने 1858 के गवर्नर जनरल की परिषद से लेकर स्वतंत्रता-उपरांत संविधान सभा और वर्तमान संसद तक इस सदन के विकास की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें अपने पूर्वजों के सपनों के भारत के निर्माण के संकल्प को पूरा करने के लिए कार्य करना चाहिए।

# रोजाना 21 दिनों तक स्प्राउट्स खाने से शरीर को मिलेंगे ये गजब के फायदे, एक्सपर्ट की राय



हेल्दी रखने के लिए दाल, फलियां, हरी सब्जियों और कई तरह के फूड्स हम डाइट में शामिल करते हैं. वैसे ही स्प्राउटस भी सेहतमंद रहने में आपकी मदद कर सकते हैं. यह प्रोटीन का अच्छा सोर्स है, इसके अलावा इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं. आइए जानते हैं एक्सपर्ट से कि रोजाना स्प्राउट्स खाना सेहत के लिए कैसा फायदेमंद होता है.

सेहतमंद रहने के लिए अपनी डाइट में हेल्दी चीजें खाना शामिल है. इसमें फल और सब्जियों के साथ ही दालें भी शामिल हैं. वहीं कई लोग स्नैक्स या नाश्ते में स्प्राउट्स खाना पसंद करते हैं. इसे प्रोटीन का अच्छा सोर्स माना जाता है. साथ ही इसमें फाइबर अच्छी मात्रा में पाया जाता है. जिससे पेट को लंबे समय तक भरे रखने में मदद मिलती है. यह आपके शरीर के लिए किसी वरदान से कम नहीं है. इसे आप सुबह के नाश्ते में शामिल कर सकते हैं. आपने देखा होगा की जो लोग जिम जाते हैं, वह भी प्रोटीन के लिए मूंग दाल स्प्राउट्स खाना पसंद करते हैं.स्प्राउट्स न सिर्फ प्रोटीन का अच्छा सोर्स है बल्कि इसमें कई दूसरे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं. जो हमारी ओवर ऑल सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं. आप अलग-अलग तरह से स्प्राउट्स को डाइट में शामिल कर सकते हैं. आइए जानते हैं एक्सपर्ट से कि अपनी डाइट में स्प्राउट्स खाना आपके लिए किस तरह से फायदेमंद हो सकता है.

**क्या कहती हैं एक्सपर्ट?**

नोएडा के मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में क्लिनिकल न्यूट्रिशन हैड डॉक्टर करुणा चतुर्वेदी ने बताया की सेहतमंद रहने के लिए हेल्दी खाना बहुत जरूरी होता है. इसमें स्प्राउट्स भी एक सुपरफूड है. अंकुरित करने से बीजों, फलियों और अनाजों में पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे उन्हें पचाना और पोषक तत्वों को अब्सॉर्ब करना आसान हो जाता है. अगर स्प्राउट्स को अपनी डाइट में शामिल करें, तो यह शरीर के लिए फायदेमंद हो सकता है.

स्प्राउट्स प्रोटीन, फाइबर और एंजाइमों जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है. जो डाइजेशन के लिए फायदेमंद और गट हेल्थ को बढ़ावा देते हैं. स्प्राउट्स में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट अच्छी मात्रा में होता है. वहीं इसमें मौजूद विटामिन के और कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स हड्डियों को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते है.

**रोजाना स्प्राउट्स खाने से फायदे**

एक्सपर्ट ने बताया कि स्प्राउट्स का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे डायबिटीज के मरीज भी इसका सेवन कर सकते हैं. क्योंकि इससे ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है. ग्रीन स्प्राउट्स में मौजूद क्लोरोफिल शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिल सकती है. हीमोग्लोबिन की मात्रा में सुधार होता है और शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह सही से होता है. स्प्राउट्स को नियमित रूप से खाने से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने में मदद मिलती है. साथ ही एजिंग साइंस को स्लो कर स्किन को हेल्दी रखने में मदद करता है.रोजाना के मिल में एक छोटी कटोरी स्प्राउट्स शामिल करना फायदेमंद हो सकता है. इसे आप चाहें कच्चा, हल्का पका या फिर इसे सलाद के साथ खा सकते हैं. इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर को एनर्जी देने, डाइजेशन को बेहतर बनाने और ओवर ऑल हेल्थ के लिए फायदेमंद हो सकते हैं.

# गज़ा में फिर बमबारी के कारण शांति की संभावनाएं क्षीण



इजरायल ने 1967 में पूर्वी यरुशलेम, वेस्ट बैंक और गज़ा पर जबरन कब्जा कर संयुक्त राष्ट्र की इस योजना का उल्लंघन किया। तब से अरब भूमि पर इज़रायल अवैध यहूदी बस्तियों का विकास कर रहा है और फिलिस्तीनियों को जबरन बेदखल कर रहा है तथा उन्हें शरणार्थी बता रहा है।हमास ने 19 अगस्त को कहा कि गज़ा सिटी पर योजनाबद्ध प्रमुख इज़रायली हमले से पहले वार्ता को नवीनीकृत करने के लिए 17 तारीख को कतर और मिस्र द्वारा प्रस्तुत नए युद्धविराम प्रस्ताव को उसने स्वीकार कर लिया है। ये प्रस्ताव ज्यादातर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूत स्टीव विटकॉफ की योजना पर आधारित हैं जिन पर इज़रायल ने कथित तौर पर सहमति व्यक्त की थी। इसके परिणामस्वरूप कतर और मिस्र ने हमास पर प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए दबाव डाला हालांकि हमास द्वारा शांति स्वीकार करने के एक दिन बाद ही 20 अगस्त को इजरायल ने गज़ा सिटी पर बमबारी की और ऐसा लगता है कि वह बड़े पैमाने पर आक्रमण की अपनी नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। इजरायल के इस कदम से कतर-मिस्र शांति योजना का परिणाम अनिश्चित हो गया है।प्रस्ताव में आजीवन कारावास की सजा काट रहे क्रमश- 140 कैदियों और 15 साल से अधिक की सजा काट रहे 60 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 10 जीवित इजरायली बंधकों की रिहाई और 18 मृतक इजरायली नागरिकों के शवों की वापसी का प्रस्ताव रखा गया है। इज़रायल सभी फिलिस्तीनी नाबालिगों और महिला कैदियों को भी रिहा करेगा। एक युद्धविराम प्रभावी रहेगा जिसके दौरान विटकॉफ प्रस्ताव में निर्दिष्ट नियमों के अनुसार इज़रायली सेना फिर से तैनात होगी और गज़ा आबादी को मानवीय सहायता दी जाएगी।17 अगस्त को तेल अवीव में लगभग 4 लाख इज़रायलियों के बड़े पैमाने पर प्रदर्शन के दौरान यह प्रगति हुई जिसे पूरे देश में जमीनी स्तर पर की गई लगभग 10 लाख लोगों की हड़ताल का समर्थन प्राप्त था। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने कतर-मिस्र प्रस्ताव के बारे में सुना था लेकिन इतामार बेन-ग्वीर जैसे कट्टरपंथियों ने इस विचार का विरोध किया। हालांकि इज़रायल के रक्षा बलों (आईडीएफ) के पूर्व प्रमुख और पूर्व रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज़ ने सिफारिश की कि नेतन्याहू प्रस्ताव स्वीकार करें।दिसंबर, 2022 में नेतन्याहू की लिकुंड पार्टी द्वारा अल्ट्रा-नेशनलिस्ट और अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स पार्टियों के साथ मिलकर काम करने के बाद फिलिस्तीनियों के साथ इज़रायल के संबंध खराब हो गए थे। उनके विरोधियों ने तब कहा था कि नेतन्याहू को कट्टरपंथी पार्टियों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया था क्योंकि उनके पूर्व उदारवादी सहयोगियों ने उनकी सरकार में भाग लेने से इनकार कर दिया था। इसकी वजह यह थी कि वे रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी और विश्वासघात के आरोपों में मुकदमे का सामना कर रहे थे।उनके वर्तमान सहयोगी यूनाइटेड टोरा ज्यूडिज़्म, शास, ओत्ज़मा येहुदित, धार्मिक विचारों वाली ज़ायोनी पार्टी और न्यू होप हैं जो मानते हैं कि %इज़रायल की भूमि के सभी क्षेत्रों पर यहूदी लोगों का एक विशेष और निर्विवाद अधिकार है।% इसमें संयुक्त राष्ट्र फिलिस्तीन विभाजन योजना द्वारा फिलिस्तीनी अरबों को दिए गए भूमि के हिस्से शामिल हैं जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 29 नवंबर 1947 को संकल्प 181 (II) के रूप में अपनाया गया था जिसने तत्कालीन मौजूदा अरब फिलिस्तीनी राज्य के भीतर इज़रायल के नए यहूदी राज्य का निर्माण किया था।नेतन्याहू और उनके अतिराष्ट्रवादी समर्थक इस तथ्य को अनदेखा करते हैं कि यहूदी राष्ट्र को केवल ब्रिटिश मदद से पहले और बाद में अमेरिकियों के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता था। वह भी विशेष रूप से इसलिए क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी एस. ट्रूमैन संयुक्त राष्ट्र द्वारा फिलिस्तीन विभाजन के लिए सहमत हुए थे। ऐसा इसलिए है क्योंकि आधुनिक ज़ायोनीवाद के जनक थियोडोर हज़ेर्ल 1898 में जर्मनी के सम्राट कैसर विल्हेम द्वितीय और 1901 में ओटोमन सुल्तान के साथ यहूदियों को मातृभूमि देने के लिए प्रस्ताव के लिए समर्थन प्राप्त करने में असमर्थ रहे थे। हैरी एस ट्रूमैन लाइब्रेरी एंड म्यूजियम में उपलब्ध कागजातों से संकेत मिलते हैं कि वे (यहूदी) 1903 में अंग्रेजों द्वारा पेश किये गए प्रस्ताव के तहत युगांडा, साइप्रस या अर्जेंटीना को स्वीकार करने के लिए भी तैयार थे।इस मामले में रूसी यहूदी मूल के ब्रिटिश शोध वैज्ञानिक चैम वीज़मैन ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वीजमैन बाद में इज़रायल के पहले रार्ष्ट्रपति भी बने। वीज़मैन ने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान एसीटोन आपूर्ति के साथ ब्रिटिश सरकार की मदद की थी। उनके अनुरोध पर ही 1917 में बालफोर घोषणा जारी की गई थी जबकि फिलिस्तीन में यहूदी आबादी 6 लाख में से केवल 18 हजार (3 प्रतिशत) थी।2 नवंबर, 1917 को ब्रिटिश विदेश सचिव सर आर्थर बालफोर ने यहूदी लोगों के लिए एक राष्ट्रीय घर की फिलिस्तीन में स्थापना के लिए ब्रिटिश सरकार की यहूदी ज़ायोनी आकांक्षाओं के साथ सहानुभूति की घोषणा से लॉर्ड लियोनेल वाल्टर रोथचाइल्ड को अवगत कराया, बशर्ते कि ऐसा कुछ भी नहीं किया जाएगा जो फिलिस्तीन में मौजूदा गैर-यहूदी समुदायों के नागरिक और धार्मिक अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सके।

लैरी कोलिन्स और डोमिनिक लैपिएरे ने अंतरराष्ट्रीय बेस्ट-सेलर किताब ओ जेरूशलम में लिखा है कि 1925 में चैम वीज़मैन ने कहा था- फिलिस्तीन रोडेशिया नहीं है और 6 लाख अरब वहां रहते हैं जिन्हें अपने घरों के बिल्कुल वही अधिकार हैं जैसा कि हमारे राष्ट्रीय घर के लिए हैं। 1947 के बाद के नेतन्याहू जैसे नेताओं ने इसे नज़रंदाज़ कर दिया जिसके कारण बारहों मास चलने वाली इजरायल-फिलिस्तीनी समस्या को जन्म मिला।

ट्रूमैन कागजात ऐसे भी संकेत देते हैं कि अरब विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर ब्रिटेन ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय घर का मतलब यहूदी राष्ट्रीय राज्य नहीं था। कागजात कहते हैं कि इटली, फ्रांस और अमेरिका ने सेव्रेस की संधि (1920) और लॉज़ेन की संधि (1923) पर सहमत होकर बालफोर घोषणा को ओटोमन साम्राज्य के भाग्य पर ब्रिटिश नीति के अभिन्न अंग के रूप में स्वीकार किया।

जब 1922 तक प्रवासन के कारण यहूदी संख्या बढ़कर 83,790 हुई तो अरबों ने विरोध किया। इस पर तत्कालीन औपनिवेशिक सचिव विंस्टन चर्चिल ने आश्वासन दिया था कि फिलिस्तीन को यहूदी राज्य में बदलने का कोई इरादा नहीं था। 1939 तक यहूदियों की संख्या 4.45 लाख के ऊपर पहुंच गई जो फिलिस्तीन की आबादी का एक तिहाई था।

5 अप्रैल, 1945 को अमेरिकी राष्ट्रपति एफडी रूजवेल्ट ने सऊदी अरब के राजा इब्न सऊद को पत्र लिखकर आश्वासन दिया था कि अमेरिका द्वारा फिलिस्तीन में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी जो अरब लोगों के लिए शत्रुतापूर्ण साबित हो सकती है।% हालांकि उनके उत्तराधिकारी ट्रूमैन ने घरेलू राजनीतिक विचारों के कारण इस नीति को बदल दिया।अमेरिकी पत्रकार जेम्स रेस्टन के अनुसार, ट्रूमैन स्थानीय राजनीतिक विचारों से प्रभावित थे। स्थानीय राजनीतिक विचारों के समर्थक चाहते थे कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली 31 अगस्त, 1945 को फिलिस्तीन में 1 लाख यहूदियों के बड़े पैमाने पर प्रवासन की अनुमति दें। तत्कालीन ब्रिटिश विदेश सचिव अर्नेस्ट बेविन ने अफसोस जताया कि %फिलिस्तीन मुद्दा संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थानीय चुनावों का विषय बन गया है।हालांकि फिलिस्तीन का समाधान खोजने के लिए एंग्लो-अमेरिकन कमेटी ऑफ इंक्वायरी में भाग लेने के लिए भी ट्रूमैन राजी हुए। समिति ने अपनी यूनाइटेड स्टेट्स सरकार और यूनाइटेड किंगडम में महामहिम की सरकार को रिपोर्ट (20 अप्रैल, 1946) में अन्य बातों के साथ-साथ कहा- अरब पर यहूदी हावी नहीं होंगे और अरब भी यहूदियों पर हावी नहीं होंगे, फिलिस्तीन न तो यहूदी राज्य होगा और न ही अरब राज्य; अंतरराष्ट्रीय गारंटी के तहत अंततः स्थापित होने वाली सरकार का रूप, ईसाई जगत की पवित्र भूमि और मुस्लिम और यहूदी धर्मों के हितों की पूरी तरह से रक्षा और संरक्षण करेगा।2 अप्रैल, 1947 को ब्रिटेन ने फिलिस्तीन के भविष्य का मामला संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूनाईटेड नेशन्स जनरल असेंबली) को स्थानांतरित कर दिया। महासभा ने समाधान के लिए भारत सहित 11 सदस्यों की एक विशेष समिति नियुक्त की। समिति ने 1 सितंबर, 1947 को दो विकल्पों की सिफारिश की थी- बहुमत की सिफारिश फिलिस्तीन को अरब और यहूदी क्षेत्रों में विभाजित करना था, जिसमें यरूशलेम अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण में रखना था जबकि भारत व अन्य अल्पसंख्यक गुट द्वारा प्रस्तावित योजना में फिलिस्तीन का एक संघीय राज्य बनाया जाना था जिसमें दो स्वायत्त राज्य शामिल थे।अमेरिकी विदेश विभाग ने विभाजन को महत्व न देते हुए अल्पसंख्यक योजना को प्राथमिकता दी जिसे राष्ट्रपति ट्रूमैन ने खारिज कर दिया और संकल्प 181 (II) पारित किया जिससे तत्कालीन मौजूदा अरब फिलिस्तीनी राज्य के भीतर इजरायल का नया यहूदी राज्य बन गया।बाद में इजरायल ने 1967 में पूर्वी यरुशलेम, वेस्ट बैंक और गज़ा पर जबरन कब्जा कर संयुक्त राष्ट्र की इस योजना का उल्लंघन किया। तब से अरब भूमि पर इज़रायल अवैध यहूदी बस्तियों का विकास कर रहा है और फिलिस्तीनियों को जबरन बेदखल कर रहा है तथा उन्हें शरणार्थी बता रहा है।

संपादकीय

# एक बुरे धंधे पर लगाम, आनलाइन गेमिंग कंपनियों पर कसा शिकंजा

संजय गुप्त। मोदी सरकार की ओर से लोकसभा और फिर राज्यसभा में आनन-फानन पारित प्रमोशन एंड रेगुलेशन आफ आनलाइन गेमिंग बिल, 2025 कानून में परिवर्तित हो गया और इसी के साथ उस पर अमल भी शुरू हो गया। इसके चलते कई आनलाइन गेमिंग कंपनियों ने अपने आनलाइन मनी गेम बंद करने शुरू कर दिए। जब से इंटरनेट का प्रसार एवं उसकी उपलब्धता बढ़ी है और मोबाइल फोन पर आनलाइन गेम्स का चलन बढ़ा है, तब से आनलाइन गेमिंग के क्षेत्र में कुछ ऐसी कंपनियां भी आईं, जिन्होंने गेम की आड़ में सट्टेबाजी और जुए का कारोबार शुरू कर दिया।पिछले कई वर्षों से केंद्र एवं राज्य सरकारें इससे अच्छी तरह परिचित थीं कि पैसे के लेन-देन आधारित आनलाइन गेम्स कंपनियां गेम के नाम पर सट्टेबाजी का खेल खेल रही थीं। इस सट्टेबाजी के कारण तमाम लोग जुए की लत में अपना नुकसान कर रहे थे। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश आदि सरकारों ने तो उन पर पाबंदी भी लगाई, लेकिन संबंधित उच्च न्यायालयों ने राज्य सरकारों के तर्कों को खारिज कर दिया और सट्टेबाजी वाले आनलाइन गेम्स को कौशल से जुड़ा खेल करार दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि ऐसी कंपनियां अपना कारोबार खुलकर करने लगीं और इनमें से एक कंपनी तो भारतीय क्रिकेट टीम की प्रायोजक भी बन गई और उसका प्रचार नामी क्रिकेटर करने लगे।यह अच्छा हुआ कि केंद्र सरकार आनलाइन गेमिंग के नाम पर जारी सट्टेबाजी और जुए को लेकर चेती। उसकी ओर से आनलाइन मनी गेम्स पर रोक लगाना आवश्यक हो गया था। इस संदर्भ में जो कानून बनाया गया है, वह आनलाइन सट्टेबाजी और जुए पर तो नियंत्रण की कोशिश है, लेकिन इसी के साथ वह कौशल वाले आनलाइन गेम्स को बढ़ावा भी देने वाला है। इन दोनों के बीच अंतर करना आवश्यक है, क्योंकि जहां आनलाइन सट्टेबाजी सामाजिक और आर्थिक समस्याएं पैदा कर रही थी, वहीं कौशल वाले आनलाइन गेम इंटरनेट आधारित एक नया उद्यम हैं। इन्हें पूरी दुनिया में बढ़ावा मिल रहा है और लोग अपने कौशल एवं शौक के हिसाब से उन्हें खेलते हैं। इसकी प्रतियोगिताएं भी होने लगी हैं। चूंकि इनमें पैसे का कोई लेन-देन नहीं होता, इसलिए इन्हें बढ़ावा मिलने में हर्ज नहीं। आज करोड़ों लोग और विशेष रूप से युवा आनलाइन गेमिंग में रुचि रखते हैं। यह भी एक उद्योग का रूप ले चुका है और लोगों को रोजगार और सरकार को राजस्व उपलब्ध कराता है।भारत का आनलाइन गेमिंग बाजार तेजी से बढ़ा है। 2023- 24 में यह 23 प्रतिशत की दर से बढ़कर 3.8 अरब डालर तक पहुंच गया था।

एक आंकड़े के अनुसार अपने देश में 2024 में आनलाइन गेम खेलने वालों की संख्या 45 करोड़ से अधिक हो चुकी थी, लेकिन इस आकर्षक तस्वीर के पीछे उस बुरे धंधे की अनदेखी नहीं की जा सकती, जो खतरा बन गया था। यह खतरा सट्टेबाजी और जुए की लत बढ़ने के रूप में था। इस लत के चलते अनेक लोगों ने अपने लाखों रुपये गंवाए और हताश-निराश होकर आत्महत्या भी की।आत्महत्या के ऐसे कुछ मामलों का उल्लेख केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी किया। उन्होंने यह भी बताया कि आनलाइन मनी गेम्स की आड़ में हो रही सट्टेबाजी पर रोक लगाने के लिए कई प्रयास किए गए, लेकिन नाकामी मिली। सट्टेबाजी वाली आनलाइन गेमिंग को बढ़ावा देकर अपनी तिजोरी भरने वाली गेमिंग कंपनियों ने एक अनैतिक समानांतर अर्थव्यवस्था कायम कर ली थी। इसमें उपभोक्ताओं यानी आनलाइन गेमिंग के जरिये सट्टेबाजी करने वालों को न तो किसी तरह का संरक्षण प्राप्त था और न ही उनकी शिकायतों-समस्याओं की सुनवाई की कोई व्यवस्था थी। कुल मिलाकर मनमानी हो रही थी।

अब इस मनमानी पर एक बड़ी हद तक रोक लगेगी, क्योंकि सट्टेबाजी वाले आनलाइन गेम का प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित किया जाएगा। इसका उल्लंघन करने वालों को जुर्माने के साथ जेल भी हो सकती है। इसके अतिरिक्त सट्टेबाजी कराने वाली आनलाइन कंपनियों को बैंक भुगतान प्रणाली से अलग किया जाएगा।

# सीमा पर चीन का दोहरा शिकंजा, ब्रह्मपुत्र पर भीमकाय बांध के बाद फास्ट रेल-ट्रेक

## खतरे की घंटियां लगातार घनघना रही हैं और उनमें कंपन पैदा किया है ड्रेगन यानि चीन ने।

नर्मदा बचाओ आंदोलनअपने चार दशकों के सफर में सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण, सही जल-प्रबंधन, आदिवासी-किसानों-महिलाओं के सशक्तिकरण और मानवाधिकारों की लड़ाई का एक जीवंत प्रतीक बना है। दुनिया में कम लोग हैं जो सरकारी दमनचक्र और उपेक्षा के बावजूद टूटे नहीं और संघर्ष की जलती मशाल अपनी अगली पीढ़ियों को सौंपते रहे।नर्मदा घाटी की तीन पीढ़ियों ने सामाजिक न्यालय और पर्यावरण संरक्षण की एक लौ को बड़ी शिद्दत से जलाए रखा है। करीब 40 बरस में मशाल बन चुके नर्मदा बचाओ आंदोलन का सफर छोटा नहीं है। सरदार सरोवर बाँध की मुखालिफत से शुरु हुई इस लड़ाई के पहले पर्यावरण शब्द नया था, हालांकि इसे लेकर मूलशी बांध विरोध, चिपको आंदोलन,सेव सायलेंट वेली और मिट्टी बचाओ अभियान जैसे आंदोलन अपनी छाप छोड़ चुके थे। नर्मदा बचाओ आंदोलन ने %सरदार सरोवर से प्रभावित होने वाले निमाड-मालवा के आदिवासी-किसानों के पुनर्वास और वित्तीय मामलों के साथ प्रभावितों की रोजी-रोटी, उपजाऊ खेती और जंगलों के विनाश का मामला भी उठाया था। आंदोलन की सक्रियता के कारण विकास परियोजनाओं को पर्यावरणीय नजरिए से भी देखा-परखा जाने लगा।

**ब सरदार सरोवर को नवागाम बांध कहा जाता था!**

आंदोलन के प्रभाव क्षेत्र में लोग अपने अधिकारों के प्रति सजग हुए और उन्होंपने विस्थादपन के अलावा अन्य मामलों को भी उठाया। यह सिलसिला अभी भी जारी है। सरदार सरोवरके संघर्ष से प्रेरणा लेकर नर्मदा घाटी के ही बरगी,भीमगढ़,इंदिरा सागर,औंकारेश्वहर, महेश्वगर, अपर वेदा,लोअर गोई,मान,जोबट आदि बांधों के प्रभावित अपने अधिकारों के लिए खड़े होते गए और नर्मदा बचाओ आंदोलन% का हिस्सा बने। ऐसे संघर्ष देश के अन्यन हिस्सों में भी दिखाई दिए। यह एक आंदोलन के जनांदोलन बनने का उदाहरण है।गज़ा में फिर बमबारी के कारण शांति की संभावनाएं क्षीण%नर्मदा बचाओ आंदोलन% का केन्द्रो पश्चिमी मध्यप्रदेश, उत्तरी महाराष्ट्र और पूर्वी गुजरात का पहाड़ी आदिवासी इलाका और मैदानी निमाड़ इलाके का ग्रामीण अंचल रहा है। इन इलाकों में आमतौर पर महिलाओं की भागीदारी कम दिखाई देती है, लेकिन आंदोलन ने वैचारिक और रणनैतिक वजहों से महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की। नतीजे में सार्वजनिक कार्यक्र मों में आधी से अधिक संख्याम में महिलाएं दिखाई देती रहीं। महिलाओं की यह भागीदारी केवल सार्वजनिक प्रदर्शनों तक सीमित नहीं थी, बल्कि वे निर्णय प्रक्रिया में भी हिस्सा लेती थीं। आंदोलन के माध्यम से हुआ महिला सशक्तिकरण घरेलू मामलों से लेकर गांव-समाज में भी दिखाई दिया।

**ललित सुरजन की कलम से-परीक्षा की एक और घड़ी**

प्रभावितों की लड़ाई केवल नागरिकों के हकों की उपेक्षा करने वाली सरकारों के विरोध तक सीमित नहीं थी। सरदार सरोवर परियोजना के लिए 45 करोड़ डॉलर का कर्ज देने पर विश्व बैंक को भी नर्मदा घाटी में विनाश का जिम्मेदार ठहराया गया और अंततः उसे पीछे हटना पड़ा। पर्यावरण और पुनर्वास संबंधी चिंताओं के कारण विश्व बैंक द्वारा सरदार सरोवर परियोजना% की आर्थिक मदद रोकना एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय घटना और आंदोलन की जीत थी। तब तक कोई ऐसा उदाहरण देखने को नहीं मिला था जिसमें विश्व बैंक ने कभी किसी परियोजना से अपना हाथ खींचा हो।सीमा पर चीन का दोहरा शिकंजा, ब्रह्मपुत्र पर भीमकाय बांध के बाद फास्ट रेल-ट्रेकजो चिंताएं भारत की बांध परियोजना में देखी गईं, वे ही दुनिया की अन्य बांध परियोजनाओं में भी थीं। इसलिए आंदोलन ने सम-विचारी समूहों के साथ मिलकर विश्व बैंक को बाध्य किया कि वह अपनी मौजूदा कर्ज नीति में बदलाव करे, ताकि दुनिया में कहीं भी सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय विनाश को रोका जा सके। विश्व बैंक को इसके लिए राजी होना पड़ा और %इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़रवेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) के साथ मिलकर बड़े बांधों के सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक प्रभावों की समीक्षा हेतु विश्व बांध आयोग का गठन करना पड़ा। इसमें आंदोलन की ओर से मेधा पाटकर को आयुक्त के रुप में शामिल किया गया। दक्षिण अफ्रीका के जल-संसाधन मंत्री कादर अस्माल की अध्यक्षता वाले विश्व बांध आयोग की रिपोर्ट के बाद विश्व बैंक को अपनी कर्ज नीति में बदलाव करना पड़ा और उसने कई सालों तक बांध परियोजनाओं को कर्ज देना बंद रखा।

आंदोलन ने ऐसी सरकारें देखी हैं जिन्होंने प्रभावितों के जीवन, रोजी-रोटी और अधिकारों की लड़ाई को खारिज किया था। कुछ सरकारों ने आंदोलनकारियों के खिलाफ दमनचक्र भी चलाया, लेकिन जिन सरकारों ने उपेक्षा नहीं की, वे भी प्रभावितों को उनके अधिकार देने में अनिच्छुक ही रहीं। प्रभावित किसानों को अपने ही राज्य में जमीन के बदले जमीन देने की बंधनकारी नीति के बावजूद मध्य प्रदेश की सरकारों ने जमीन देना कभी स्वीकार नहीं किया। मध्य प्रदेश में उद्योगपतियों को आसानी से जमीन, पानी और बिजली उपलब्ध करवाने वाली सरकार सुप्रीम कोर्ट में शपथ-पत्र देती थी कि विस्थापितों के लिए जमीन उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद आंदोलन करीब 20 हजार परिवारों को जमीन दिलवाने में सफल रहा। इनमें बड़ी संख्या भूमिहीन परिवारों की है। यह छोटी उपलब्धि नहीं है।कुछ हजार परिवारों को और भी जमीन मिल सकती थी यदि आंदोलन की एक रणनीतिक चूक न होती। सर्वोच्च न्यायालय ने अक्टूबर 2001 के अपने आदेश में पुनर्वास नीति को बरकरार रखा था। इस कारण मध्य प्रदेश सरकार के लिए भी खेती की जमीन देकर पुनर्वास करने की बाध्यता थी। सरकार तो किसी भी कीमत पर प्रभावितों को जमीन देने के पक्ष में नहीं थी इसलिए जमीन के बदले 5 लाख 58 हजार रुपए अनुदान का विकल्प दिया। अनुदान राशि एकमुश्त न देकर 2 किश्तों में भुगतान की गई और अनुदान की पहली किश्त यानी आधी अनुदान राशि से पूरी 5 एकड़ जमीन खरीदकर रजिस्ट्री करवाने की शर्त रखी गई। अनुदान भुगतान का यह तरीका व्यवहारिक नहीं था। संपत्ति की रजिस्ट्री उधारी में नहीं होती।इस अतार्किक शर्त का फायदा शातिर अधिकारियों और दलालों के गठजोड़ ने उठाया। गठजोड़ ने करीब 3 हजार से अधिक आदिवासियों और किसानों की फर्जी रजिस्ट्री करवाते हुए खूब चांदी काटी और प्रभावितों को जमीन से वंचित कर दिया। कुछ सालों तक चले इस फर्जीवाड़े में आंदोलन की भूमिका पूर्ववत नगद अनुदान के विरोध की रही। आंदोलन की इस भूमिका ने फर्जीवाड़ा आसान कर दिया, क्योंकि तब फर्जीवाड़े में शामिल गिरोह को आंदोलन की निगरानी का डर भी नहीं बचा था। 5 लाख 58 हजार रुपए की अनुदान राशि से तब 5 एकड़ जमीन मिलना संभव था। उस समय आंदोलन यदि अनुदान राशि से जमीन खरीदने में प्रभावितों की मदद करता तो फर्जीवाड़े पर भी लगाम लगती और कुछ अधिक प्रभावितों को जमीन मिल पाती। हालांकि आंदोलन के प्रयासों से फर्जीवाड़े की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्रवण शंकर झा की अध्यक्षता में एक आयोग गठित किया गया था, लेकिन फर्जीवाड़े में शामिल किसी अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की।



मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के आदिवासी इलाके में एक तो स्कूल ही नहीं थे और जो थे वे भी कागजों पर चलते थे। इन स्कूलों को शुरु करवाने के लिए आंदोलन ने काफी प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। अंत में आंदोलन ने निर्णय लिया कि उसे ही संघर्ष के साथ शिक्षा का मोर्चा भी खोलना पड़ेगा। इस प्रकार पढ़ाई-लड़ाई साथ-साथ के उद्देश्य को लेकर जीवन-शालाओं की शुरुआत हुई। इन जीवन-शालाओं ने न सिर्फ उस इलाके की पहली पीढ़ी को शिक्षित किया, बल्कि उनसे निकले कई छात्र-छात्राएं आज शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर और राज्य स्तर के खिलाड़ी हैं।

नर्मदा बचाओ आंदोलन अपने चार दशकों के सफर में सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण, सही जल-प्रबंधन, आदिवासी-किसानों-महिलाओं के सशक्तिकरण और मानवाधिकारों की लड़ाई का एक जीवंत प्रतीक बना है। दुनिया में कम लोग हैं जो सरकारी दमनचक्र और उपेक्षा के बावजूद टूटे नहीं और संघर्ष की जलती मशाल अपनी अगली पीढ़ियों को सौंपते रहे। नर्मदा घाटी के साधारण से ग्रामीण किसान-आदिवासी, मछुआरों, खेतीहर मजदूरों आदि ने इस आंदोलन को एक बांध से कहीं आगे ले जाकर विशाल परियोजनाओं के प्रभावों और उनकी समीक्षा तक पहुंचा दिया। इन साधारण लोगों का असाधारण, अदम्य साहस और उनके द्वारा जलाई मशाल आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

## भारत को जहां से सबसे अच्छा सौदा मिलेगा, वहीं से तेल खरीदेगा: रूस में भारतीय दूत

एजेंसी

**मास्को।** रूस में भारत के राजदूत पवन कपूर ने कहा है कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए वहीं से तेल खरीदेगा, जहां उसे सबसे अच्छा सौदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है और इस मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

**'पश्चिमी प्रतिबंधों का नहीं पड़ेगा असर':** पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों पर बोलते हुए कपूर ने कहा कि ये प्रतिबंध भारत की रूस से तेल खरीदने की क्षमता को प्रभावित नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए फैसले लेता है और किसी के दबाव में नहीं आएगा।

**रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता:** रूस वर्तमान में भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया है, जिसने सऊदी अरब और इराक को पीछे छोड़ दिया है। भारत ने रूस से तेल आयात में भारी वृद्धि की है, क्योंकि रूस ने यूक्रेन युद्ध के बाद रियायती दरों पर तेल की पेशकश की है।

## भारी तनाव के बीच यूक्रेन ने फिर किया पुतिन से बातचीत का आह्वान

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के भारी तनाव के बीच, यूक्रेन ने एक बार फिर रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन से बातचीत का आह्वान किया है। यूक्रेन का कहना है कि युद्ध को रोकने और शांति बहाल करने के लिए बातचीत ही एकमात्र रास्ता है।

**शांति वार्ता की पेशकश:** यूक्रेन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उनकी सरकार रूस के साथ शांति वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन बातचीत तभी शुरू होगी जब रूस यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करेगा। यूक्रेन का कहना है कि वे युद्ध को लंबा नहीं खींचना चाहते, लेकिन अपनी रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएंगे।

**रूस ने नहीं दी कोई प्रतिक्रिया:** यूक्रेन के इस आह्वान पर रूस ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, रूस का कहना है कि यूक्रेन को पहले अपनी मांगों को स्वीकार करना होगा। रूस का कहना है कि यूक्रेन की सरकार पश्चिमी देशों के दबाव में काम कर रही है।

## रूस के पुलकोवो हवाई अड्डे से 90 उड़ानें की रद्द

**मास्को।** रूस के उत्तर-पश्चिमी शहर सेंट पीटर्सबर्ग स्थित पुलकोवो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण 90 उड़ानें रद्द कीं और कई अन्य विमानों ने देरी से उड़ान भरी या फिर उनके मार्ग में परिवर्तिन किया गया। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा, हवाई अड्डे पर लगभग 20 घंटे तक प्रतिबंधों के बीच परिचालन हुआ। इस दौरान, 90 उड़ानें रद्द कर दी गईं, लगभग 80 उड़ानें दो घंटे से अधिक समय तक विलंबित रहीं और 42 उड़ानों को अन्य हवाई अड्डों पर स्थानांतरित कर दिया गया।इससे पहले, रूसी संघीय वायु परिवहन एजेंसी ने बताया कि सेंट पीटर्सबर्ग के पुलकोवो में उड़ान भरने और उतरने पर प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। गौरतलब है कि हवाई अड्डा उन्नत मोड में काम कर रहा है। हवाई अड्डा प्रशासन ने कहा कि हवाई अड्डा और एयरलाइन कर्मचारी जल्द से जल्द उड़ान कार्यक्रम को सामान्य करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

## यूक्रेनी ड्रोन हमलों से रूसी परमाणु संयंत्र में लगी आग

**मॉस्को।** यूक्रेन के ड्रोन हमलों से रूस के एक परमाणु संयंत्र और अन्य ऊर्जा संयंत्रों में आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्षेत्रीय परिचालन मुख्यालय ने बताया कि कल तड़के एक यूक्रेनी ड्रोन का मलबा कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र के एक ट्रांसफार्मर पर गिरा, जिससे



आग लग गयी और संयंत्र को क्षति पहुंची है। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, साथ ही बताया गया कि आग पर काबू पा लिया गया है। संयंत्र तथा आसपास के क्षेत्र में विकिरण का स्तर अपरिवर्तित बना हुआ है। लेनिनग्राद क्षेत्र में, क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्जेंडर ड्रोज्डेंको ने बताया कि उस्त-लुगा बंदरगाह स्थित रूसी प्राकृतिक गैस उत्पादक नोवाटेक के एक टर्मिनल में एक अन्य ड्रोन के मलबे से आग लग गयी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने पिछले दिन में तीन हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम (एचआईएमएआरएस) मल्टीपल-लॉन्च रॉकेट सिस्टम राउंड और 172 ड्रोन को रोका।

# कनाडा के प्रधानमंत्री ने यूक्रेन के लिए नई सैन्य सहायता की घोषणा की

एजेंसी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने यूक्रेन की राजधानी कीव में यूक्रेन के लिए नई सैन्य सहायता की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से यह जानकारी दी गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा के कनानास्किस में जून में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में 2 अरब कनाडाई डॉलर (1.45 अरब डॉलर) की धनराशि देने की प्रतिबद्धता जताई गई थी। कुल धनराशि में से लगभग 835 मिलियन कनाडाई डॉलर (603 मिलियन डॉलर) यूक्रेन के लिए कई महत्वपूर्ण उपकरण खरीदने के लिए निर्धारित हैं, जिनमें बख्तरबंद वाहन, चिकित्सा उपकरण, स्पेयर पार्ट्स, छोटे हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक, साथ ही अतिरिक्त ड्रोन क्षमताएं और यूक्रेन के लिए अन्य तत्काल आवश्यक उपकरण और



आपूर्ति शामिल हैं। लगभग 680 मिलियन कनाडाई डॉलर (491 मिलियन डॉलर) यूक्रेन की वायु रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और अन्य तत्काल आवश्यक सैन्य सहायता प्रदान करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका से प्राप्त सैन्य उपकरणों की खरीद के लिए हैं। इसी के साथ ही लगभग 220 मिलियन कनाडाई डॉलर (159 मिलियन डॉलर) का उपयोग ड्रोन, काउंटर-ड्रोन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमताओं की खरीद के लिए किया जाएगा, जिसमें यूक्रेनी और कनाडाई उद्योग के बीच संयुक्त उद्यमों में निवेश भी शामिल है। जेलेंस्की ने कनाडा की ओर से नाटो की प्राथमिकता प्राप्त यूक्रेन आवश्यकता सूची पहल के तहत अमेरिकी हथियार खरीदने के लिए 500 मिलियन डॉलर आवंटित करने की तत्परता का स्वागत किया है। उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि कनाडा यूक्रेन की प्रमुख ऊर्जा परियोजनाओं में शामिल हो। जेलेंस्की ने कहा, ÷हमारे पास आवश्यक बंदरगाह अवसंरचना और भंडारण क्षमताएं हैं। यूक्रेनी भंडारण सुविधाओं का उपयोग कनाडाई गैस की आपूर्ति के लिए किया जा सकता है। उन्होंने आगे आशा व्यक्त की कि कनाडा यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी लागू करने में सक्रिय भूमिका निभा सकता है।

## रूस और यूक्रेन ने किया कैदियों का आदान-प्रदान, 146-146 सैनिकों को मिली रिहाई

एजेंसी

**मॉस्को/कीव।** रूस और यूक्रेन ने एक बड़े कैदी विनिमय समझौते के तहत 146-146 युद्धबंदियों को रिहा किया। यह अदला-बदली संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की मध्यस्थता में हुई, जिसकी पुष्टि दोनों देशों ने की है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सभी रिहा किए गए रूसी सैनिकों को बेलारूस ले जाया गया है, जहां उन्हें चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक सहायता दी जा रही है। मंत्रालय के अनुसार, यूक्रेन ने कुर्स्क क्षेत्र के आठ रूसी नागरिकों को भी वापस सौंपा है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर इस अदला-बदली की जानकारी दी। उन्होंने लौटे हुए सैनिकों की तस्वीरें साझा करते हुए बताया कि उनमें से कई 2022 से बंदी थे, जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। जेलेंस्की ने यह भी बताया कि एक पत्रकार, जिसे युद्ध शुरू होने के एक महीने बाद पकड़ा गया था, वह भी इस सूची में शामिल है। राष्ट्रपति ने यूएई का आभार जताते हुए लिखा, अदला-बदली का सिलसिला जारी है। यह संभव हुआ है हमारे उन सैनिकों की वजह से, जो मोर्चे पर रूसी सैनिकों को बंदी बना रहे हैं और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं। यह कैदी विनिमय ऐसे समय हुआ है जब दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है, लेकिन मानवीय आधार पर ऐसे कदम संघर्ष के बीच सकारात्मक संकेत माने जा रहे हैं।

## मलेशिया देगा गाजा को 30.6 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त मदद, पीएम अनवर का बड़ा ऐलान

एजेंसी

**कुआलालंपुर।** मलेशिया ने गाजा में मानवीय संकट से जूझ रहे फिलिस्तीनी नागरिकों की सहायता के लिए अतिरिक्त 100 मिलियन रिंगिट (लगभग 30.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर) देने का ऐलान किया है। यह घोषणा प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कुआलालंपुर के इंडिपेंडेंस स्क्वायर में एक विशेष संबोधन के दौरान की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2023 में मलेशिया ने पहली बार फिलिस्तीन के लिए 100 मिलियन रिंगिट की सहायता घोषित की थी और अब एक बार फिर इतनी ही राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा, ÷आज मैं घोषणा करता हूं कि मलेशिया एक और 100 मिलियन रिंगिट का योगदान करेगा। इस देश में शांति और स्वतंत्रता है, इसे संजोकर रखें और दुनिया के लिए भी यही संदेश दें। अनवर ने अपने संबोधन में गाजा में जारी भुखमरी और मानवीय संकट के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि यह एक मानव निर्मित आपदा है। उन्होंने कहा, 'मदद के तमाम साधन मौजूद हैं, लेकिन जिओनिस्ट ताकतों ने जानबूझकर राहत सामग्री को सीमा पर रोक दिया।



लोग भूख से मर रहे हैं, बच्चे तड़प रहे हैं, लेकिन भोजन और दवाएं वहीं पड़ी सड़ रही हैं। यह अमानवीयता नहीं तो और क्या है? 'प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि मलेशिया कभी भी फिलिस्तीनियों को अकेला नहीं छोड़ेगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा, 'हम आपके संघर्ष को सलाम करते हैं। मलेशिया और हमारे मित्र देशों का समर्थन हमेशा आपके साथ रहेगा।'

अनवर ने याद किया कि उन्होंने 1983 में अल्जीरिया में आयोजित फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन (पीएलओ) सम्मेलन में दिवंगत नेता यासिर अराफात के निमंत्रण पर हिस्सा लिया था और तब से ही इस मुद्दे पर सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि गाजा में हो रही तबाही उपनिवेशवाद का नया रूप है, जिसके खिलाफ मलेशिया हमेशा खड़ा रहेगा। कार्यक्रम के दौरान गाजा के लिए विशेष दुआ सभा का आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री अनवर ने 'सुमुद नुसंतारा कॉन्वॉय' को हरी झंडी दिखाई, जिसमें मलेशिया सहित आठ देशों की भागीदारी है। यह कारवां स्पेन और ट्यूनीशिया से होते हुए ग्लोबल फ्लोटिला में शामिल होगा, जो गाजा तक जाएगा। इसमें 50 से अधिक देशों और दर्जनों जहाजों की भागीदारी होगी। इस रैली में दसियों हजार मलेशियाई नागरिक शामिल हुए, जिनमें से कई #GazaBangkit लिखे बैनर लिए सफेद कपड़ों में नजर आए, जो फिलिस्तीन के साथ एकजुटता का प्रतीक है।

## भारतीय सीमावर्ती नेपाली शहर वीरगंज में हैजा फैला, तीन की मौत, 200 से अधिक बीमार

एजेंसी

**काठमांडू।** भारतीय सीमावर्ती शहर वीरगंज में हैजा का संक्रमण फैल गया है। पिछले 24 घंटे में हैजा संक्रमण से कम से कम तीन लोगों के मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि सैकड़ों लोग अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। गेटवे ऑफ नेपाल के नाम से मशहूर वीरगंज में हैजा का संक्रमण फैलने के कारण अस्पतालों में मरीजों की संख्या बेतहाशा वृद्धि हुई है।

वीरगंज के मेयर राजेशमान सिंह ने पुष्टि की है कि अब तक इस बीमारी से तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि पिछले 12 घंटे में 200 से अधिक मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वीरगंज से सांसद तथा संघीय सरकार में पेयजल मंत्री प्रदीप यादव ने संक्रमित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने बताया कि वो एक स्वास्थ्य टोली के साथ यहां आए हैं, ताकि पानी के नमूनों का संकलन कर पता लगा सके कि हैजा फैलने का स्रोत कहीं पानी तो नहीं है। उन्होंने बीरगंज के सभी अस्पतालों का दौरा करके हैजा से संक्रमित मरीजों से मुलाकात की। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बीरगंज के आसपास के क्षेत्र तथा सीमावर्ती भारतीय शहर रक्सौल में



भी आम लोगों को सतर्क कर दिया है और अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। वीरगंज के केंद्रीय अस्पताल के चिकित्सक डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यहां बेड की कमी हो रही है। स्वास्थ्य मंत्री प्रदीप पौडेल भी रविवार की देर शाम वीरगंज पहुंचे और वहां की हालात का जायजा लिया। उन्होंने बीरगंज के सभी सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों, नर्स और अन्य कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द करने और निजी अस्पतालों को भी स्टैंड बाय पर रहने का निर्देश दिया है।

# खामेनेई ने वाशिंगटन के साथ सीधी बातचीत को किया खारिज, कहा- ईरान झुकेगा नहीं

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने कहा कि अमेरिका इसलिए ईरान का विरोध करता है क्योंकि वह चाहता है कि ईरान उसकी बात माने। उन्होंने इस मांग को अपमानजनक बताया और कहा कि ईरान कभी झुकेगा नहीं। समाचार एजेंसी ने आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना के हवाले से बताया कि तेहरान में दिए भाषण में खामनेई ने साफ कहा कि अमेरिका से सीधी बातचीत की कोई जरूरत नहीं है। उनके अनुसार 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से अमेरिका की शत्रुता लगातार बनी हुई है। उन्होंने 13 जून को ईरान पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका से जुड़े समूह अगले दिन एक यूरोपीय राजधानी में इस्लामी गणराज्य के बाद व्यवस्था पर चर्चा करने के लिए मिले थे, यहां तक कि राजशाही का सुझाव भी दिया गया। खामेनेई के





अनुसार, ईरानी जनता और संस्थाओं की मजबूती ने इन कोशिशों को नाकाम कर दिया। खामेनेई ने जून में इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए हमलों का भी जिक्र किया। उनका कहना था कि इन हमलों का मकसद ईरान को अस्थिर करना था, लेकिन ईरान ने इसका जवाब दिया। खामेनेई ने घरेलू एकता और राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के लिए समर्थन का आग्रह किया और चेतावनी दी कि ईरान के विरोधी अब घरेलू स्तर पर विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने गाजा में इजरायल की कार्रवाई की निंदा की, पश्चिमी देशों से उसकी मदद रोकने की अपील की और यमन के हूती समूह द्वारा इजरायल के खिलाफ किए गए कदमों को जायज बताया। ज्ञात हो कि, 1979 की इस्लामी क्रांति और उसके परिणामस्वरूप अमेरिकी दूतावास में हुए बंधक संकट के बाद तेहरान और वाशिंगटन के बीच संबंध टूट गए थे। तब से, वाशिंगटन ने तेहरान पर कई प्रतिबंध लगाए हैं, जिनमें से सबसे हालिया प्रतिबंध उसके परमाणु कार्यक्रम के कारण लगाए गए हैं।

## हौथी मिसाइल हमले के बाद इजराइल ने यमन पर दागे 30 से ज्यादा मिसाइल

एजेंसी

**काहिरा।** हौथी द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी के अनुसार, इजराइल ने यमन में 30 से ज्यादा हवाई हमले किए, जिनमें राजधानी सना और अन्य इलाकों में कई जगहों पर निशाना साधा गया। ये हमले हौथी उग्रवादियों द्वारा इजराइल की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने के दो दिन बाद हुए, जिससे क्षेत्रीय तनाव बढ़ गया। सना के निवासियों ने बताया कि निशाने पर राष्ट्रपति भवन, मिसाइल अड्डे, बिजलीघर और एक तेल कंपनी का परिसर शामिल था, जिससे व्यापक क्षति हुई। इजराइली सेना की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है। इजराइली वायु सेना के एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि शुक्रवार को दागी गई मिसाइल यमन से दागी गई अपनी तरह की पहली मिसाइल थी, जिसमें संभवतः ऐसे पनडुब्बी थे जो टकराते ही विस्फोट कर सकते थे। इजराइल की ओर दागे गए ज़्यादातर हौथी मिसाइलों को रोक दिया गया है। उत्तरी यमन के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले हूतियों ने अक्टूबर 2023 में

**इजराइली सेना की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है।**

इजराइल-हमास युद्ध छिड़ने के बाद से लाल सागर के नौवहन मार्गों और इजराइली क्षेत्र पर हमले किए हैं, जिन्हें वे फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता का प्रतीक मानते हैं। जवाब में, इजराइल ने हूतियों के नियंत्रण वाले बुनियादी ढांचे को बार-बार निशाना बनाया है, जिसमें पिछले अभियानों में होदेइदाह बंदरगाह के पास हमले भी शामिल हैं।

# पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश से मरने वालों की संख्या 788 हुई

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 26 जून से जारी लगातार मानसूनी बारिश के कारण कम से कम 788 लोगों की जान चली गई है, जबकि 1,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान के प्रमुख दैनिक डॉन ने बताया कि आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मरने वालों में 200 बच्चे, 117 महिलाएं और 471 पुरुष शामिल हैं। पंजाब में 165 मौतें दर्ज की गईं, खैबर पख्तूनख्वा में सबसे अधिक 469 मौतें हुईं, इसके बाद सिंध में 51, बलूचिस्तान में 24, पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में 45, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 23 और इस्लामाबाद में आठ मौतें हुईं। एनडीएमए के आंकड़ों के अनुसार घायलों में 279 बच्चे, 493 पुरुष और 246 महिलाएं शामिल हैं।



पंजाब में सबसे अधिक 584 लोग घायल हुए, जबकि खैबर पख्तूनख्वा में 285, सिंध में 71, पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में 42, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 28, बलूचिस्तान में पांच और इस्लामाबाद में तीन लोग घायल हुए। प्राधिकरण ने बताया कि समन्वित आपदा प्रतिक्रिया के तहत देश भर में 512 अभियानों में कुल 25,644 लोगों को बचाया गया है। सप्ताह के अंत में हुई ताजा घटनाओं ने संकट को और बढ़ा दिया है। खैबर पख्तूनख्वा में कई जिलों में हुई मूसलाधार बारिश के बाद कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 52 अन्य घायल हो गए। सिर्फ डेरा इस्माइल खान में ही तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण सात लोगों की जान चली गई। बचाव अधिकारियों ने जियो न्यूज को बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण पेड़ उखड़ गए, बिजली के तार टूट गए और कई इलाके अंधेरे में डूब गए। कई इलाकों में छत गिरने से कई लोगों की जान चली गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। देश भर के शहरी केंद्र भी बाढ़ के प्रभाव से जूझ रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, लाहौर में गुलबर्ग, लक्ष्मी चौक, जेल रोड और आसपास के इलाकों की सड़कें जलमग्न हो गईं और बाढ़ का पानी घरों और दुकानों में घुस गया। पाकिस्तान के एक प्रमुख दैनिक समाचार रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामाबाद और रावलपिंडी में भारा काहू में नदियां उफान पर थीं, जिससे वाहन फंस गए। वहीं, गुजरांवाला, गुजरात, झेलम और चिनियट में भारी बारिश के कारण बिजली के खंभे गिर गए और फीडर ट्रिप हो गए, जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

## जर्मनी को नए व्यापारिक साझेदारों की तलाश करनी चाहिए: चांसलर फ्रेडरिक मर्ज

एजेंसी

**बर्लिन।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि देश को आने वाले वर्षों में नए व्यापारिक साझेदारों की तलाश करनी होगी, खासकर उस स्थिति में जब अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच हुआ हालिया व्यापार समझौता यूरोपीय वस्तुओं पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रावधान करता है।

बर्लिन में आयोजित सरकारी ओपन डे कार्यक्रम के दौरान मर्ज ने कहा, हम वैश्विक व्यापार को कैसे आगे बढ़ाएंगे, यदि अमेरिका अब विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का पालन करने को तैयार नहीं है? हमें ऐसे देशों की तलाश करनी होगी, जो हमारे विचारों से मेल खाते हों। सीडीयू पार्टी के नेता मर्ज ने यह भी बताया कि दक्षिण अमेरिका, एशिया और अफ्रीका में नए व्यापारिक अवसर तलाशे जा सकते हैं, जिससे दोनों पक्षों को लाभ



होगा। उन्होंने कहा, हमें अमेरिका के साथ अच्छे आर्थिक संबंध बनाए रखने की जरूरत है, और अब तक हम कुछ हद तक इससे बच निकले हैं। लेकिन हमें लगातार नए बाजारों की ओर बढ़ना होगा। चांसलर मर्ज ने इसके साथ ही यह भी कहा कि जर्मनी को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली पर बुनियादी सवालों का समाधान इस साल के अंत तक करना होगा। उन्होंने रोजगार, पेंशन और स्वास्थ्य लाभ पर बढ़ते कल्याणकारी खर्चों को नियंत्रित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, ÷हमें अपनी सामाजिक सुरक्षा प्रणाली को भविष्य के लिए मजबूत और टिकाऊ बनाना होगा। उल्लेखनीय है कि 28 जुलाई को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के बीच व्यापार ढांचा समझौता हुआ था, जिसके तहत यूरोपीय वस्तुओं पर टैरिफ लागू किए गए हैं।

## भारत पर सेकेंडरी टैरिफ रूस पर दबाव बनाने के लिए है: जेडी वेंस

एजेंसी

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिकी सीनेटर जेडी वेंस ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि अमेरिका भारत पर जो सेकेंडरी टैरिफ लगा रहा है, उसका मकसद रूस पर दबाव बनाना है। वेंस ने कहा कि अमेरिका



भारत को रूस से दूर करने के लिए इस तरह के कदम उठा रहा है।

**'अमेरिका की पॉलिसी भारत के लिए अच्छी नहीं'**

जेडी वेंस ने एक इंटरव्यू में कहा कि अमेरिका की यह पॉलिसी भारत के राष्ट्रीय हितों के लिए अच्छी नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए, बजाय इसके कि वह भारत को रूस से दूर करने की कोशिश करे।

**भारत का पक्ष**

भारत ने हमेशा यह रुख अपनाया है कि वह अपनी विदेश नीति में किसी के दबाव में नहीं आएगा। भारत ने कहा है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए फैसले लेगा।

# प्रधानमंत्री ओली मंत्रिमंडल के फेरबदल की तैयारी में, गठबंधन दलों से मांगी गई सूची

एजेंसी

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली अपने मंत्रिमंडल के फेरबदल की तैयारी में जुट गए हैं। इसके लिए उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल दलों से नए मंत्रियों की सूची मांगी है, जिसके बाद नेपाली कांग्रेस को छोड़ कर बाकी दलों ने अपनी सूची प्रधानमंत्री को सौंप दी है।

सरकार गठन के 14 महीने के बाद प्रधानमंत्री ओली अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करने जा रहे हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल अधिकांश दलों ने अपनी-अपनी तरफ से नए मंत्रियों की सूची आज सौंप दी है। उम्मीद है कि बहुत जल्द प्रधानमंत्री ओली नए मंत्रियों का शपथग्रहण करवाने वाले हैं।

सत्तारूढ़ गठबंधन में सहभागी जनता समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष मोहम्मद इस्तियाक राई ने बताया कि उनकी पार्टी ने ओली सरकार में शामिल पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री प्रदीप यादव और महिला तथा सामाज कल्याण मंत्री नवल किशोर साह को वापस बुलाने का निर्णय लिया है। ओली सरकार के इन दो मंत्रियों के बदले वीरेन्द्र महतो को पेयजल और रंजू झा को महिला तथा समाज कल्याण मंत्रालय की जिम्मेदारी देने के लिए प्रधानमंत्री के पास सूची सौंप दी गई है। मंत्री प्रदीप यादव ने कहा कि मंत्रिमंडल में फेरबदल करना



प्रधानमंत्री का विशेषाधिकार है और वो जब चाहेंगे तब वो इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं। इसी तरह सरकार में शामिल लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी की तरफ से इस समय श्रम तथा रोजगार मंत्री रहे शरद सिंह भंडारी के स्थान पर सर्वेन्द्रनाथ शुक्ला को ओली सरकार में भेजा जा रहा है। पार्टी अध्यक्ष महंत ठाकुर ने इस बात की पुष्टि की है कि नए मंत्री के रूप में शुक्ल का नाम प्रधानमंत्री कार्यालय को भेज दिया गया है। हाल ही में सरकार से समर्थन वापस लेकर 45 दिन के बाद फिर से समर्थन देने वाले नागरिक उन्मुक्ति की तरफ से भी मंत्री का नाम प्रधानमंत्री को बता दिया गया है। इस पार्टी की तरफ से अब तक अरूण चौधरी नागरिक उड्डयन, पर्यटन तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री थे। इस बार पार्टी की अध्यक्ष रंजीता श्रेष्ठ ने खुद का ही नाम मंत्री के रूप में भेजा है। श्रेष्ठ ने बताया कि प्रधानमंत्री ने उनकी पार्टी को राज्यमंत्री के बदले इस बार कैबिनेट मंत्री सहित एक मंत्रालय देने का वादा किया है, जिसके बाद पार्टी संसदीय दल की बैठक में खुद उनके नाम की सिफारिश की गई है। उन्होंने कहा कि आज ही उन्होंने प्रधानमंत्री से मुलाकात कर पार्टी के निर्णय से अवगत करा दिया है। सरकार में शामिल सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस में नए मंत्रियों के नाम भेजने को लेकर विवाद हो गया है। पार्टी अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा अपनी पत्नी तथा ओली सरकार में विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा के अलावा सबको बदलना चाहते हैं, लेकिन पार्टी में इस प्रस्ताव का विरोध होने के कारण अब तक कोई भी निर्णय नहीं लिया जा सका है। पार्टी के महामंत्री विश्व प्रकाश शर्मा ने कहा कि यदि हटाना है, तो सभी मंत्रियों को हटाकर नए लोगों को मौका दिया जाए।

देश का दर्पण न्यूज प्राइवेट लिमिटेड, address- 14 no V ki sikar Road